

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 2 दिसंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-243 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 3 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## ओम बिरला ने विपक्ष को दी शिष्टाचार की हिदायत

**नई दिल्ली,2 दिसंबर।** लोकसभा का शीतकालीन सत्र मंगलवार को भी विरोध और नारेबाजी के बीच शुरू हुआ। विपक्षी सांसदों ने एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। एसआईआर पूरे देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनावी मतदाता सूची का विशेष समीक्षा का कार्यक्रम है।

जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ, विपक्षी सांसद अपने-अपने स्थानों से उठकर जोर-जोर से नारे लगाने लगे और चिल्लाने लगे, 'एसआईआर पर चर्चा करो।' उन्होंने इस मुद्दे पर तत्काल बहस की मांग की।लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बार-बार सांसदों से उनके स्थानों पर लौटने और सदन की कार्यवाही जारी रखने का अनुरोध किया, लेकिन नारेबाजी लगातार जारी रही।

इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पीकर ने कहा, "आज जो व्यवहार मैं सदन और सदन के बाहर देख रहा हूं, जिसमें सांसद संसद के बारे में बोल रहे हैं, वह न केवल संसद के खिलाफ है बल्कि देश के खिलाफ भी है। लोकतंत्र में विपक्ष होता है, लेकिन गौरव और शिष्टाचार होना चाहिए।"उन्होंने यह भी कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, जो दुनिया का मार्गदर्शन करता है, हमारी संसदीय परंपराएं और गरिमा उच्चतम स्तर की होनी चाहिए।सदन में विरोध का स्वर कम नहीं हुआ और सदन को दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। बता दें कि शीतकालीन सत्र की शुरुआत उथल-पुथल भरे माहौल में हुई थी, जब सोमवार को लोकसभा में बिहार विधानसभा चुनावों में कथित 'वोट चोरी' के आरोप और एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ था।पीएम मोदी ने सांसदों को असंयमित व्यवहार से बचने की दी थी चेतावनी सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों को असंयमित व्यवहार से बचने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि संसद में 'ड्रामा' नहीं होना चाहिए और संसदीय ध्यान नीति निर्माण पर होना चाहिए, न कि नारेबाजी पर। मीडिया संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, "ड्रामा करने के लिए बहुत सी जगहें हैं। जो कोई भी करना चाहता है, वह करता रहे। यहां ड्रामा नहीं, बल्कि डिलीवरी होनी चाहिए। नारों के लिए भी पूरा देश मौजूद है, जहां चाहो नारे लगाओ। तुमने वहां नारे लगाए जहां तुम हारे थे, अब वहां नारे लगाओ जहां तुम हारोगे। हालांकि, यहां फोकस नीति पर होना चाहिए, नारों पर नहीं।"



### प्रियंका गांधी ने संचार साथी एप को बताया 'जासूसी एप'

मोबाइल फोन में संचार साथी ऐप प्री-इंस्टॉल करने के दूरसंचार विभाग के निर्देश पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'यह एक जासूसी ऐप है। नागरिकों को अपनी प्राइवेसी का अधिकार है और हर व्यक्ति को परिवार व दोस्तों से सुरक्षित तरीके से बात करने की आजादी होनी चाहिए।

## लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ेगा विपक्षः खड़गे

**नई दिल्ली,2 दिसंबर।** संसद के बाहर संयुक्त विपक्ष द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन के दौरान राज्यसभा में



विपक्ष के नेता सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा हम लोकतंत्र को बचाने और अन्याय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। कांग्रेस और अन्य विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, क्योंकि संसद शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन की तैयारी कर रही है। आज की संसद की कार्यवाही से पहले, इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने संसद के मकर द्वार के बाहर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। शीतकालीन सत्र के पहले दिन भी विपक्षी सदस्यों द्वारा 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही एसआईआर प्रक्रिया पर चर्चा की मांग के कारण लोकसभा की कार्यवाही कई बार दोपहर 12 बजे, दोपहर 2 बजे और बाद में स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि इंडिया ब्लॉक ने कल सुबह फैसला किया कि हम एसआईआर और चुनाव सुधार से संबंधित मुद्दों पर चर्चा पर ज़ोर देंगे। आज सुबह 10:30 बजे, हम इसी मांग को लेकर मकर द्वार के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं।

## संक्षेप

### आईपीएल -2026 में नहीं दिखेंगे ग्लेन मैक्सवेल

**नई दिल्ली.2 दिसंबर।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की। वह आंद्रे रसेल, फाफ डु प्लेसिस के बाद तीसरे बड़े खिलाड़ी हैं जिन्होंने 16 दिसंबर को आबू धाबी में होने वाले मिनी ऑक्शन से पीछे हटे हैं। फाफ तो आईपीएल के बजाय अब पाकिस्तान सुपर लीग में खेलेंगे। ऑलराउंडर मोईन खान भी पीएसएल में खेलते दिखेंगे। ग्लेन मैक्सवेल ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। वह 37 साल के हैं और जिस तरह उन्होंने काफी सोच विचार के बाद नीलामी में शामिल नहीं होने का फैसला किया, उसका मतलब है कि अब वह आईपीएल को अलविदा कह चुके हैं। उन्होंने लिखा, 'आईपीएल में कई अविस्मरणीय सीजन के बाद मैंने फैसला किया है कि इस साल नीलामी के लिए अपना नाम नहीं दूंगा। ये एक बड़ा फैसला है। इस लीग ने मुझे जो कुछ भी दिया, उसका आभार।' उन्होंने आगे लिखा, 'आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और शख्स के तौर पर गढ़ने में मदद की। मैं खुशकिस्मत हूं कि विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेला, शानदार फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया और अतुलनीय जुनून वाले फैंस के सामने परफॉर्म किया। भारत की यादें, चुनौतियां और ऊर्जा मेरे साथ हमेशा रहेंगी। इतने सालों में मुझे सपोर्ट करने के लिए आप सभी का शुक्रिया। उम्मीद करते हैं कि जल्द मिलेंगे। चीयर्स, मैक्सी।'

### बीएलएफ ने उड़ाई पाक सेना की नींद

**क्वेटा,2 दिसंबर।** बलूचिस्तान के चागई जिले में रविवार शाम एक बड़ा हमला हुआ। इस हमले में बलोच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने पहली बार एक महिला फिदायीन का इस्तेमाल करते हुए फ्रंटियर कॉर्प्स के अत्यधिक सुरक्षा वाले परिसर पर धावा बोला। यह वही परिसर है जहां चीन के तांबा एवं सोना खनन परियोजनाओं- सैंदक और रे को दिक से जुड़े केंद्र स्थित हैं। हमले में छह पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर है, हालांकि पाकिस्तानी अधिकारियों ने अब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बीएलएफ ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए आत्मघाती हमलावर की तस्वीर भी जारी की, जिसकी पहचान जरीना रफीक उर्फ तुंग महो के रूप में की गई है। उसने परिसर के बैरियर पर खुद को विस्फोट कर उड़ाया, जिससे भीतर घुसे विद्रोही लड़ाकों के लिए रास्ता साफ हुआ।

### हमर राज पार्टी के जिला अध्यक्ष की कार को आग लगाई

**बालोद,2 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के बालोद से सर्व आदिवासी समाज की हमर राज पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र साहू की कार में आगजनी का मामला सामने आया है. आगजनी में कार पूरी तरह जल गई है. वहीं एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसे घटना से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है. वीडियो में घटना को अंजाम देने वाला बदमाश नजर आ रहा है. जानकारी के मुताबिक, पूरा मामाला बालोद कोतवाली थाना इलाके के बूढ़ापारा वार्ड का है. सामने आए वीडियो में एक व्यक्ति कार घर के भीतर झांकते हुए नजर आता है. फिर जैसे ही वह कार के पास जाता है, आग लगते नजर आती है. देखते ही देखते आग पूरी कार को चपेट में ले लेती है. सुबह कार पूरी तरह खाक हो गई. इस वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है.

## इंडिगो फ्लाइट को मानव बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई,2 दिसंबर।** हैदराबाद से कुवैत जा रही इंडिगो फ्लाइट को मानव बम से उड़ाने की धमकी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। विस्फोटक की पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E-1234 मंगलवार सुबह हैदराबाद से कुवैत के लिए उड़ान भरी थी।




फ्लाइट में मानव बम होने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सुरक्षा एजेंसियों ने विमान को एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में भेज दिया है और विमान की जांच की। हालांकि किसी अधिकारियों के मुताबिक विमान के टेकऑफ के बाद हैदराबाद एयरपोर्ट को एक ईमेल मिला था, जिसमें विमान को मानव बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद तुरंत सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय पोलो में छत्तीसगढ़ ने रचा इतिहास

### इंफाल में आयोजित 15वें मणिपुर अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में मिली ऐतिहासिक उपलब्धि

रायपुर, 1 दिसम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में शामिल छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने टीम के सदस्यों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी उत्साह और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी युवाओं में खेल की अपार प्रतिभा है और राज्य सरकार के सहयोग से घुड़सवारी एवं पोलो खेल को नई दिशा मिली है। उल्लेखनीय है



कि छत्तीसगढ़ ने पहली बार इतिहास रचते हुए 22 से 29 नवम्बर 2025 तक इंफाल में आयोजित 15वें मणिपुर अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। यह अवसर इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि देश के इतिहास में पहली बार किसी राज्य को अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए आमंत्रित किया गया।

छत्तीसगढ़ टीम ने अमेरिका, कोलंबिया, इंडियन पोलो एसोसिएशन और अन्य अंतरराष्ट्रीय टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा कर यह गौरव अर्जित किया। यह उपलब्धि आदिवासी युवाओं की खेल जगत में बढ़ती भागीदारी का महत्वपूर्ण उदाहरण है। गौरतलब है कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे कई संस्थानों का संयुक्त योगदान रहा जिसमे छत्तीसगढ़ शासन,भारतीय सेना (एनसीसी),दंतेवाड़ा जिला प्रशासन,कांकेर जिला प्रशासन,ब्रीगो एंड हेक्टर इक्वेस्ट्रियन मैनेजमेंट कंपनी, रायपुर मुख्य रूप से शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम के सदस्यों में लेफ्टिनेंट कर्नल अमन सिंह, एनसीसी,लांस नदिम अली (सेवानिवृत्त),वेदिका शरण,चित्रभानु सिंह,सैमुअल विश्वकर्मा,गोलू राम कश्यप, सुभाष लेकामि,देवकी कड़ती शामिल रहे।

## डिलीट कर सकते हैं संचार साथी एप, रखना भी जरूरी नहीं : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली,2 दिसंबर।** संचार साथी ऐप को लेकर जारी विवाद के बीच सरकार ने कहा है कि इसे फोन में रखना जरूरी नहीं है। साथ ही यूजर इसे डिलीट भी कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। दूरसंचार विभाग ने नवंबर में निर्देश जारी किया था कि भारत में इस्तेमाल हो रहे फोन में संचार साथी ऐप अनिवार्य होगा। विपक्ष ने इस ऐप के जरिए जासूसी के आरोप लगाए हैं। सिंधिया ने कहा, 'इसके आधार पर न कोई जासूसी है, न कोई कॉल मॉनीटरिंग है। अगर आप चाहते हैं, तो इसे एक्टिवेट करें। अगर आप नहीं चाहते, तो इसे एक्टिवेट मत करो। अगर आप इसे अपने फोन में रखना चाहते हैं, तो रखो। अगर आप इसको डिलीट करना चाहते हो, तो डिलीट करो...। अगर आपको संचार साथी इस्तेमाल नहीं करना है, तो डिलीट कर दो। इसे डिलीट कर सकते हैं, कोई परेशानी नहीं है।' उन्होंने कहा, 'यह उपभोक्ता की सुरक्षा की बात है...। आपको डिलीट करना है, तो डिलीट कर दोगे आप। कोई अनिवार्य नहीं है। अगर आप इस ऐप का उपयोग नहीं करना चाहते, तो इस पर रजिस्टर मत करो। पर हर व्यक्ति को देश में नहीं मालूम कि चोरी से बचाने, फ्रॉड से बचाने के लिए यह ऐप है। हर व्यक्ति तक यह ऐप पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। अगर आपको डिलीट करना है, तो आप डिलीट कर दो। नहीं इस्तेमाल करना तो रजिस्टर मत करो। जब आप रजिस्टर नहीं करोगे, तो यह ऐक्टिवेट कैसे होगा।' केंद्रीय मंत्री ने विरोध करने पर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'जब विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं होता है और विपक्ष मुद्दा ढूंढना चाहता है, तो विपक्ष की मदद हम नहीं कर सकते। हमारी जिम्मेदारी है, उपभोक्ताओं की मदद और सुरक्षा की। क्या है संचार साथी। संचार साथी एक ऐप है, एक पोर्टल है। जिसके आधार पर हर एक उपभोक्ता अपनी सुरक्षा अपने हाथों से कर पाता है।



### हाईकोर्ट ने पति के तलाक की अपील की खारिज

**बिलासपुर.** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक दंपती के बीच विवाद में अहम फैसला सुनाया है. जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि सबूतों के अभाव में क्रूरता साबित नहीं होती और यदि कोई घटना हुई भी थी, तो पति ने उसे बाद में माफ कर दिया था. हिंदू मैरिज एक्ट की धारा 23(1) (b) के अनुसार यदि क्रूरता माफ कर दी जाए तो तलाक का आधार नहीं बनता. (तलाक मामले में हाईकोर्ट का अहम फैसला) जांजगीर निवासी व्यक्ति की शादी 11 दिसंबर 2020 को सरगांव निवासी महिला के साथ हुई थी. अक्टूबर 2022 को बेटी के जन्म के बाद दोनों के बीच तनाव बढ़ने लगा. पति का आरोप था कि तीन अज्ञात नंबरों से उसे गालियां दी गईं.


## नाबालिग पीड़िता को हाईकोर्ट ने दी गर्भपात कराने की अनुमति

**बिलासपुर,2 दिसंबर।** हाईकोर्ट ने एक नाबालिग बलात्कार पीड़िता को 21 सप्ताह का गर्भ समाप्त कराने की परमिशन दे दी है। मामले को लेकर हाईकोर्ट ने कहा- कि ऐसा न करने पर उसकी शारीरिक अखंडता के अधिकार का उल्लंघन होगा, उसके मानसिक आघात में वृद्धि होगी तथा उसके शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग को 21 हफ्ते के गर्भ को खत्म करने की अनुमति कोर्ट ने दी है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने कहा- गर्भपात नाबालिग की व्यक्तिगत इच्छा है, इसका सम्मान जरूरी है। सीएमएचओ और विशेषज्ञ डॉक्टरों की जांच रिपोर्ट के बाद कोर्ट ने मेडिकल सुपरविजन में गर्भपात का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा- अनचाहा गर्भ जारी रखना पीड़िता के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के अधिकार का उल्लंघन होगा। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट की धारा 3 के तहत अनुमति दी गई। डॉक्टरों की टीम की मौजूदगी में पीड़िता का गर्भपात कराया जाएगा। जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू ने कहा कि इसमें कोई विवाद नहीं है कि याचिकाकर्ता जबरन यौन संबंध बलात्कार की शिकार है। वह गर्भपात कराना चाहती है, क्योंकि वह बलात्कारी के बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती। गर्भपात कराना उसका निजी फैसला है, जिसका न्यायालय को सम्मान करना चाहिए क्योंकि यह उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का एक पहलू है। जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने सुचिता श्रीवास्तव सुप्रा मामले में कहा है। गर्भावस्था जारी रखने से उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान किया जाना चाहिए और यह अजन्मे बच्चे के लिए और भी अधिक खतरनाक हो सकता है।



## डिजिटल अरेस्ट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली,2 दिसंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में तेजी से बढ़ रहे डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर गंभीर चिंता जताते



हुए सोमवार को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। अदालत ने कहा कि अब ऐसे सभी मामलों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो करेगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान बताया कि पिछले कुछ महीनों में डिजिटल अरेस्ट से जुड़े अपराधों में खतरनाक वृद्धि दर्ज की गई है, जिसे तुरंत काबू में करने की आवश्यकता है। कोर्ट के अनुसार, अपराधियों द्वारा फर्जी कॉल, नकली अधिकारियों के नाम पर धमकी, खातों को जबरन फ्रीज करने जैसी तरकीबों से लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पीसीए (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) के तहत सीबीआई को बैंकरों की भूमिका की भी जांच करने की पूर्ण स्वतंत्रता होगी, खासकर उन मामलों में जहां संदिग्ध बैंक अकाउंट खोले गए हैं। टॉप कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को भी पक्षकार बनाया है और नोटिस जारी किया है।

## आतंकी दानिश के फोन से खुले राज

**नई दिल्ली,2 दिसंबर।** दिल्ली ब्लास्ट में 15 लोगों की मौत हुई थी और अब इस आतंकी साजिश की परत-दर-परत जांच सामने आ रही है। सलाखों के पीछे बैठे आतंकी दानिश के फोन ने ऐसे राज़ खोले हैं, जो सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय हैं। जांच से पता चला है कि डिलीट की गई हिस्ट्री में मिले सबूत यह संकेत देते हैं कि यह केवल एक ब्लास्ट नहीं था, बल्कि हाई-टेक आतंकी नेटवर्क की साजिश थी। फोन में मौजूद दर्जनों तस्वीरें और वीडियो यह पुष्टि कर रहे हैं कि दानिश और उसके साथी हमास के पैटर्न पर ड्रोन हमले की तैयारी कर रहे थे। जांच में दानिश के फोन से दर्जनों ड्रोन की तस्वीरें बरामद हुई हैं, जिनमें हमास की तर्ज पर इस्तेमाल होने वाले ड्रोन के डिजाइन भी शामिल हैं। ये तस्वीरें इस बात की पुष्टि करती हैं कि दानिश लंबे समय से ड्रोन तकनीक सीखने में जुटा था। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह ड्रोन हमले की तैयारी कर रहा था और ऐसे हल्के ड्रोन विकसित करने की कोशिश कर रहा था, जो करीब 25 किलोमीटर तक उड़ान भरकर हमला कर सकें। फोन से ड्रोन की तस्वीरों के अलावा रॉकेट लॉन्चर की कई इमेज भी बरामद हुई हैं। इसके साथ ही दर्जनों ऐसे वीडियो मिले हैं, जिनमें ड्रोन बनाना, उन्हें मॉडिफ़ाई करना और उनमें विस्फोटक फिट करने के तरीक़े दिखाए गए हैं। जांच में पता चला है कि दानिश को ये सभी वीडियो और तकनीकी जानकारी एक विशेष ऐप के माध्यम से भेजी जा रही थी। इस ऐप में कई विदेशी नंबर भी पाए गए हैं, जिनकी जांच अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी कर रही है।

जांच एजेंसियों का मानना है कि दानिश ड्रोन तकनीक से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल कर चुका था और किसी बड़ी वारदात की तैयारी में था। मामले की जांच जारी है और एजेंसियां दानिश के नेटवर्क और उसके विदेशी संपर्कों का पता लगा रही हैं।एनआईए ने लाल किले के पास पिछले महीने हुए कार बम विस्फोट की जांच के तहत सोमवार को जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर छापे मारे। एजेंसी के बयान के मुताबिक, आरोपियों और संदिग्धों से जुड़े परिसरों की तलाशी के दौरान विभिन्न डिजिटल उपकरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। तलाशी में जम्मू-कश्मीर के शोपियां, कुलगाम, पुलवामा और अवंतीपोरा जिलों में आठ ठिकानों और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक परिसर को शामिल किया गया।



### कर्नाटक में सीएम की कुर्सी पर सस्पेंस खत्म?

**नई दिल्ली,2 दिसंबर।** मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इससे पहले उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से उनके आवास पर मुलाकात की थी, जहाँ दोनों के बीच दूसरी नाश्ते की बैठक हुई थी। अपनी पहली मुलाकात में इडली-सांभर और उपमा के बाद, डीके शिवकुमार ने पारंपरिक नाटी चिकन और इडली की गरमागरम प्लेटों के साथ सिद्धारमैया की मेज़बानी की। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ दूसरी नाश्ते की बैठक के बाद, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को दोहराया कि कांग्रेस नेता एकजुट हैं और मिलकर कांग्रेस सरकार चलाएँगे। कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही खींचतान के बीच, डीके शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने के बारे में पूछे जाने पर, सिद्धारमैया ने कहा, "जब आलाकमान कहेगा।"

**एक नजर**

### वेटनरी कॉलेज से दो सुअर चोरी

**भिलाई, 2 दिसंबर।** दुर्ग अंजोरा चौकी क्षेत्र के वेटनरी कॉलेज की सूकर पालन इकाई से नर और मादा सूअर की चोरी हो गई। आरोपी शेड की शीट को तोड़कर अंदर घुसा और पिछले दरवाजे को तोड़ने के बाद दोनों सूअरों को चोरी कर ले गया। प्रकरण में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 331 (4), 305 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। अंजोरा पुलिस ने बताया कि मूलत मांझी पारा, नारायणपुर की रहने वाली पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा में पशु शरीर क्रिया विज्ञान एवं जैव रसायन विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ जागृति कृषान ने दो सूअरों के चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डॉ. जागृति कृषान वेटनरी कॉलेज में सूकर पालन इकाई की प्रभारी हैं उनके अनुसार इकाई में 07 सूअर है, जिसकी देखरेख के लिए मुकेश यादव की ड्यूटी रहती है। परिचारक मुकेश सूअर पालन ईकाई में ताला लगाकर घर चला गया। अगले दिन सुबह करीब 8 बजे सूअर पालन ईकाई अंजोरा पहुंचा तो सूअर पालन इकाई से कोई अज्ञात शीट एवं पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया ।

### अवैध शराब ले जाते 4 गिरफ्तार



**भिलाई, 2 दिसंबर।** नंदिनी टीआई पारस ठाकुर ने बताया कि 29 नवंबर को पत्थर खदान नंदिनी खुदिनी के पास वाहन टाटा सफारी में 28 पेटी देशी मदिरा परिवहन करते आरोपी नरेश कुर्रे 38 साल निवासी ग्राम डूमर थाना नंदिनीनगर लवकेश उर्फ बबलू 30 साल निवासी गिरहोलाए आर्यन कुमार लहरे 24 साल निवासी ग्राम डूमरए प्रभू बारले 24 साल निवासी वार्ड नंबर 04 अहिवारा थाना नंदिनी नगर जिला दुर्ग कोए मैनेजर हितेश सययान 38 साल निवासी समता कालोनी, चरोदा व विचित्र दास मानिकपुरी 37 वर्ष निवासी ग्राम परपोडी जिला बेमेतरा की पूर्व मे गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है। इस दौरान विवेचना में शासकीय देशी शराब दुकान नंदिनी खुदिनी मे पदस्थ 3 अन्य सेल्समैन नारायण जोगी 41 साल निवासी वार्ड नंबर 10 ग्राम बागडूमर, अमरजीत महतो 26 साल निवासी वार्ड 21 नेहरू चौक चरोदा व नितेश साहू 23 साल ग्राम पेंड्री गोबरा थाना धमधा को आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### जमीनों की बढ़ी दर और लाठीचार्ज के विरोध में विधायक देवेंद्र भूख हड़ताल करेंगे 4 को

**भिलाई, 2 दिसंबर।** भिलाई, सरकार की जमीन की नई गाइड लाइन को लेकर विरोध प्रदर्षन कर रहे व्यापारियों पर पुलिस प्रषासन द्वारा की गई बल प्रयोग एवं लाठी चार्ज की भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने निंदा की है। उन्होंने इसे सरकार के तानाशाही निर्णय बताया है। उन्होंने सरकार के तानाशाही निर्णय के खिलाफ एकदिवसीय भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया है। 4 दिसंबर को महात्मा गांधी चौक दुर्ग पर सुबह 9 बजे से भूख हड़ताल किया जाएगा और प्रदेश की भाजपा सरकार से जमीन की नई गाइड लाइन को वापस लेने की मांग किया जाएगा।बता दें कि छत्तीसगढ़ में जमीन की नई गाइडलाइन की वजह से जमीन की कीमतें 5-6 गुना बढ़ गई है। जिसके खिलाफ प्रदेषभर के रियल एस्टेट से जुड़े कारोबारी सरकार से गाइडलाइंस में बदलाव की मांग कर रहे हैं और जिला स्तर पर विरोध प्रदर्षन कर रहे हैं।

### एनएसएस इकाई के स्वास्थ्य शिविर में सम्मिलित हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर

**दुर्ग,2 दिसंबर।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने ग्राम कोलिहापुरी स्थित शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की ह्स्स् इकाई द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं स्वास्थ्य चैकअप कराया और बच्चों को भी स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रेरित किया।विधायक ललित चंद्राकर ने उपस्थित सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित कर सामाजिक उत्तरदायित्व तथा जनसेवा के महत्व पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्राप्त करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि ह्स्स् इकाई द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर से न केवल बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्राप्त होंगी, बल्कि उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व और जनसेवा के महत्व के बारे में भी जानकारी मिलेगी।

### शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस में मनाया गया श्रीमद्भागवत गीता जयंती महोत्सव

**भिलाईनगर, 2 दिसंबर।** श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस, भिलाई में आज श्रद्धा और उत्साह के साथ श्रीमद्भगवद्गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीबीए और एमबीए विभाग के सभी छात्र-छात्राएं तथा प्राध्यापक गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रीमद्भागवत गीता के उपदेशों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालना था। इस अवसर पर ÷गीता की प्रासंगिकता और उसके ज्ञान का आधुनिक जीवन एवं प्रबंधन में अनुप्रयोग विषय पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने बताया कि श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश आज के व्यक्तिगत जीवन और प्रबंधन के क्षेत्र में भी समान रूप से उपयोगी हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रमुख इंजीनियर आई .पी. मिश्रा, संस्था के प्रेसिडेंट डॉ जया मिश्रा निदेशक डॉ पी. बी देशमुख एवं प्लानिंग एवं सराहना की और छात्रों द्वारा लिए गए।

# वाटरशेड महोत्सव-25 के माध्यम से जनभागीदारी से भूमि एवं जल संरक्षण का दिया गया संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 2 दिसंबर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जलग्रहण मिशन कार्यक्रम अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में वाटरशेड महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन अंतर्गत दिनांक 24.11.2025 को जिले के वाटरशेड परियोजना विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम पंचायत शीतलपानी में भूमि एवं जल संरक्षण से संबंधित विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान विविध कार्यक्रमों के तहत शा.पू.मा.शाला शीतलपानी के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी, रंगोली आदि जल संरक्षण थीम पर कार्य किया गया। उपस्थित आमजन, जनप्रतिनिधि, परियोजना अधिकारी कर्मचारियों एवं जलग्रहण समिति सचिवों के द्वारा स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत पौधारोपण एवं श्रमदान किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए ग्राम के केराझोरी नाला में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जल संरक्षण संवर्धन संबंधी निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाकर पूर्व निर्मीत संरचना चेकडेम का लोकार्पण कर संरचना को ग्रामीण कृषकजनों को समर्पित किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं परियोजना अधिकारी द्वारा जल के महत्व एवं उपयोगिता तथा भविष्य के लिए जल बचाने हेतु उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। एनजीओ समर्थ चैरिटेबल संस्था का परियोजना एवं ग्रामवासियों के सहयोग से सामुदायिक तालाब, कुंआ एवं नल साफ-सफाई के किये गये कार्यो के संबंध में चर्चा किया जाकर भविष्य में भी जन भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण से संबंधित संरचनाओं की पूर्ण उपयोगिता बनाये रखने का निर्णय लिया गया। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे जन-भागीदारी कप एवं जल सरंचनाओ के उपयोगिता के संबंध में सोशल मिडिया में प्रचार-प्रसार कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गयी। उपस्थित सभी जनों द्वारा जल संरक्षण के सबंध में जल शपथ लिया जाकर पानी बचाने का संकल्प लिया गया।

समारोह अंतर्गत सुकलाल मेरावी, सभापति एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि, बारे लाल ध्रुव महामंत्री, फगन मेरावी सरपंच, देवेन्द्र उपसरपंच ग्राम पंचायत शीतलपानी द्वारा भूमि एवं जल सरंक्षण विषयक अपना विचार प्रस्तुत किया गया। आयोजन के दौरान श्रीमति सुष्मिता कंवर, परियोजना अधिकारी, आर एस.वासुरे ग्रा.कृ.वि.अधिकारी, उदय दीवान सर्वेयर, कन्हैया जायसवाल, संदीप शर्मा, तुकाराम, राकेष श्रीवास सरपंच, कोमल धुर्वे सरपंच, सहबू सरपंच, समिति अध्यक्षों कांतिलाल, डूमनसिंग, थानसिंग, गुहदर, केदारनाथ, समिति सचिवों मिथुन भगत, प्रदीप खरे, वीरेन्द्र साहू, संतलाल, फूलसिंग, कु. उषा मेरावी, कु. सुरेखा मेरावी एवं वाटरशेड कमेटी के सदस्य, महिला स्व-सहायता समूह, उपयोगकर्ता दल आदि उपस्थित रहें।



### डिप्टी सीएम शर्मा नवधा रामायण में हुए शामिल

**कवर्धा,2 दिसंबर (तछसं.) ।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा आज ग्राम मोटियारी में आयोजित नवधा रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नवधा रामायण पाठ में श्रोताओं के बीच बैठ कर रामायण मंडली द्वारा प्रस्तुत भगवान श्रीराम की जीवन-गाथा स्तुति का श्रद्धाभाव से श्रवण किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में नवधा रामायण आयोजन की परंपरा बहुत प्राचीन है। रामायण मंडली के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और जीवन-मूल्यों को गीतों के रूप में सुनाना हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज भी पूरे समर्पण के साथ निभाई जा रही है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सद्भाव, नैतिकता और संस्कारों का विकास होता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, गणमान्य नागरिक तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शराब प्रेमियों के कारण गांवों में सड़क किनारे और खेतों में प्लास्टिक गिलास, पानी पाउच का अंबार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 2 दिसंबर।** कबीरधाम जिले में कई गांव में सड़क किनारे खाली जमीन ( खेत या मैदान ) में पानी पाउच या प्लास्टिक गिलास हर रात फेक देते है । जिस पर जनप्रतिनिधि या प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि पर्यावरण भी प्रदूषित हो रही है । वरिष्ठजनों से तरुण छत्तीसगढ़ ने चर्चा की तो उन्होंने कहा की गरीब परिवार , मजदूरों , युवाओं में शराब पीने की आदत लगातार बढ़ रही है जो की चिंताजनक है और शराब प्रेमियों को नशा नहीं करिए ये कैसे समझाएं डर लगता है । जब नाम पूछे तो उन्होंने कहा की नाम मत पूछिए । शायद तस्वीर तभी बदलेगी जब पंच, उपसरपंच, सरपंच स्वच्छता अभियान ओर नशा मुक्त भारत पर गंभीरता से ध्यान देगी तब ही गरीब परिवार , मजदूर नशा से दूर होगा । सवाल यह है की कमाते है लेकिन ज्यादा कमाई का रुपया शराब , गुटखा पर खर्च हो रहा है जो की चिंताजनक है । समाज कल्याण विभाग नशा मुक्त अभियान के प्रति प्रचार प्रसार लगातार कर रही है लेकिन अब समय आ गया है की गांव गांव में नशा मुक्त अभियान के प्रचार प्रसार की आवश्यकता है ।

### महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न विकास कार्यों को मिली मंजूरी

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई की महापौर परिषद (एमआईसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक महापौर श्री नीरज पाल की अध्यक्षता में और आयुक्त श्री राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में बुलाई गई। बैठक में शहर के विकास और जनहित से जुड़े कुल 21 एजेंडों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया और सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण विकास कार्यो को स्वीकृति दी।प्रमुख स्वीकृत एजेंडा जलकार्य विभाग हेतु कुशल, अर्धकुशल और अकुशल श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना। सार्वजनिक डोम शेड का निर्माण,चौराहों पर निर्मित घड़ी, फाउंटेन, झंडे और गार्डन के नियमित रखरखाव का कार्य सहित शिवनाथ इंटेकवेल का वार्षिक मेंटेनेंस कार्य शामिल है। पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु नई पाइप लाइन बिछाना।सीवरेज पाइप लाइन का नवीनीकरण कार्य। सांस्कृतिक मंच का नाम परिवर्तित करना। बिजली के खम्भों/टावर पर संपत्तिकर अधिरोपित करना।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया। आबंटित भूखंडों पर लीज प्रवेश शुल्क निर्धारित करना। सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु शासन को प्रस्ताव भेजना। नगरीय निकायों में पुनरीक्षित नियमित/प्लेसमेंट की जाने वाली पदसंरचना



### जनपद सदस्य बबीता ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की

**कवर्धा,2 दिसंबर (तछसं.) ।** जनपद सदस्य श्रीमती बबीता छोटू चंद्रवंशी ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त अभियान का संदेश गांव की महिलाओं को दिया । युवाओं में नशे की आदत जो बढ़ रही है उस पर चिंता करते हुए सभी युवाओं से विनम्र अपील की नशा से दूर रहे क्योंकि नशा नाश की जड़ है।

# मरोदा में आयुक्त ने किया कार्यालय का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 2 दिसंबर।** रिसाली निगम का जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय का संचालन अब वार्ड 14 टंकी मरोदा से होगा। आयुक्त मोनिका वर्मा ने टंकी कार्यालय में पूजा अर्चना कर कार्यालय का शुभारंभ की। इस दौरान कार्यालय प्रभारी समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे।दरअसल निगम का जन स्वास्थ्य विभाग अब तक रिसाली बस्ती स्थित पृथक से बने कार्यालय में संचालित होता था। यह कार्यालय भवन 30 वर्ष पुराना है। यही वजह है कि भवन जर्जर अवस्था में है। छत टपकने और प्लास्टर गिरने की शिकायत थी। इसे देखते हुए आयुक्त ने मरोदा टैंक स्थित ओवर हैड टैंक के नीचे भवन में कार्यालय संचालन के निर्देश दिए है। कार्यालय भवन शिफ्ट के समय सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता,प्रभारी जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अमित चंद्राकर, जल कार्य विभाग के प्रभारी गोपाल सिन्हा, लेखा अधिकारी विनय शर्मा आदि उपस्थित थे।एकल खिड़की- नया कार्यालय भवन नेवई मुख्य मार्ग स्थित पुलिस पेट्रोल पंप के निकट बीआरपी गेट मार्ग पर बने ओवर हेड टैंक भवन में संचालित है। यहां पी आई यू कार्यालय समेत चार्जिंग सेंटर और एकल खिड़की प्रणाली है। यहां नागरिकों के लिए अलग से शिकायत निवारण काउंटर की स्थापना की है । नागरिक अब जन स्वास्थ्य विभाग की शिकायत कर सकते है।

### 1.44करोड से बनने वाली सड़क और आरसीसी नाली निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से चर्च रोड से श्रमवीर चौक तक चल रहे डामरीकरण सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का आज महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर ने निरीक्षण किया। लगभग ?1.44 करोड़ की लागत से हो रहे इस महत्वपूर्ण विकास कार्य को निगम ने प्राथमिकता सूची में शामिल किया है, ताकि इस व्यस्त मार्ग पर यातायात सुगम हो सके और जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान मिल सके।निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार और प्रभारी चंद्राकर ने सड़क की लेवलिंग, बेस-सब-बेस निर्माण, बिटुमिन की गुणवत्ता तथा नाली निर्माण में उपयोग हो रहे।



### सेवानिवृत्त 3 कर्मचारियों को दी गई विदाई

**भिलाईनगर,2 दिसंबर (तछसं.)।** नगर पालिक निगम भिलाई के 3 कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर बिदाई दी गई। निगम मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में आज निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किये। सेवानिवृत्त होने वाले कार्मचारी रामप्रवेश कार्य सहायक ग्रेड-2, नशीमा बेगम हेल्पर/क्लीनर, गुलाब सफाई कामगार को निगम प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं अन्य सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनाएं दिये।

# ई-कैटरिंग सेवा से यात्रियों को मिल रहा है अधिक विकल्प और बेहतर सुविधा

**बिलासपुर/रायपु, 2 दिसंबर।** भारतीय रेलवे की ई-कैटरिंग नीति के तहत यात्री अब अपनी यात्रा के दौरान आईआरसीटीसी के अधिकृत प्लेटफ़ॉर्म एवं विक्रेताओं के माध्यम से ऑनलाइन भोजन ऑर्डर कर सकते हैं । आईआरसीटीसी द्वारा मान्यता प्राप्त रेस्तरां, ब्रांडेड आउटलेट एवं डिलीवरी पार्टनर यात्रियों को चयनित स्टेशन पर सीधे सीट पर भोजन डिलीवर करते हैं ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आईआरसीटीसी के साथ मिलकर ई-कैटरिंग सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । विशेष रूप से अमृत भारत योजना के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों पर अधिकृत ई-कैटरिंग अधिकृत विक्रेता की संख्या बढ़ाई जा रही है, जिससे यात्रियों को अधिक विकल्प, विविधतापूर्ण मेन्यू, विस्तृत सेवा-क्षेत्र और बेहतर सेवा स्तर उपलब्ध हो सके ।नवम्बर 2025 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 357 अधिकृत ई-कैटरिंग अधिकृत विक्रेता उपलब्ध हैं, जबकि अप्रैल 2025 में इनकी संख्या केवल 180 थी, अर्थात् उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की गई है । इन सेवाओं का लाभ अब रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, गोंदिया, पेंड्रा रोड, अनुपपुर, उमरिया, छिंदवाड़ा सहित मुख्य एवं शाखा लाइन के कई स्टेशनों पर उपलब्ध है । यात्री अपनी पसंद के ब्रांडेड आउटलेट जैसे डोमिनोज़, केएफसी, हल्दीराम आदि के साथ-साथ स्थानीय लोकप्रिय भोजन केंद्रों से भी भोजन मँगवा रहे हैं ।ई-कैटरिंग सेवाओं की उपलब्धता बढ़ने से रेल मदाद प्लेटफ़ॉर्म पर भोजन की अनुपलब्धता से संबंधित शिकायतें विशेषकर कटनी-बिलासपुर सेक्शन में शून्य पर आ गई हैं । यात्रियों से प्राप्त फीडबैक भी दर्शाता है कि यात्रा के दौरान मनपसंद भोजन की उपलब्धता से उनकी संतुष्टि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है ।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है ।

# वार्ड-18 में बनेगा चौहान समाज का सामुदायिक भवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जामुल,2 दिसंबर।** नगर पालिका क्षेत्र जामुल के वार्ड क्र. 18 में चौहान समाज के लिए अध्यक्ष निधि से सामुदायिक भवन बनेगा भूमि पूजन कार्यक्रम में पृथ्वीराज चौहान के जयकारे के साथ चौहान समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य गण भारी संख्या में उपस्थित थे । मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने चौहान समाज के युग पुरूष को पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि हमारे जामुल नगर में लगभग सभी समाजों के लिए सामुदायिक भवनों का निर्माण हुआ है और आज गौरव की बात है कि अखण्ड भारत की के वीर सपूत महाराजा पृथ्वीराज चौहान के सम्मान में मुझे चौहान समाज के भवन का नीव रखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है । जिसके लिए आप सभी को मैं सादर नमन करता हूं । मैं आप लोगों के मांग के अनुरूप अपने स्वयं के निधि से छः लाख रूपये का सामुदायिक भवन के लिए घोषणा किया था । तमाम प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत आज उक्त भवन का भूमिपूजन हो रहा है । इस कार्यक्रम के लिए आप सभी सामाजिक बंधुओं के सुझाव और सलाह मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहेगा यही आशा आप लोगों से करता हूं । आप सभी सामाजिक गणों में मुझे आमंत्रित किया इसके लिए मैं समाज गंगा प्रणाम करता है । भूमि पूजन कार्यक्रम में गैंदलाल चौहान, घनश्याम चौहान, टेकराम चौहान, श्रवण चौहान, गोपाल चौहान, रूपेश, हेमलाल, धनराज, पीयुष, संजय, चंद्रकुमार, अश्वनी सिंह, इंद्रजीत, तुकेश चौहान, भगवान चौहान सहित विशिष्टजन एवं पार्षदगण कविता विश्वाल, शांति टंडन, बल्ली बर्मन, पूर्व पार्षद संजय शर्मा उपस्थित थे।

# विधायक रिकेश सेन ने 9.16 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया



**भिलाईनगर, 2 दिसंबर।** वैशाली नगर विधानसभा में पांच स्थलों पर विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विधायक रिकेश सेन द्वारा किया गया। पूजन पश्चात आज से ही कोहका, बजरंग पारा, शिक्षक नगर, हाउसिंग बोर्ड, सनातन नगर, इंद्रावती नगर, फरीद नगर, कोसा नाला, नेहरू नगर, सुपेला में सीमेंटीकरण, सड़क डामरीकरण, पुलिया निर्माण सहित विद्युतीकरण के कार्य शुरू हो गए हैं।वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सभी कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा करने और गुणवत्ता मापदंड का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी कार्य होने से स्थानीय नागरिकों को बेहतर सड़क और दुरूस्त प्रकाश व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा। कोहका क्षेत्र की जो सड़कें जर्जर थीं, डामरीकरण के बाद आवागमन के लिए उपयुक्त हो जाएंगी।आपको बता दें कि विधायक ने जिन आधा दर्जन विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया वो सभी कार्य 9 करोड़ 16 लाख 26 हजार की कुल लागत से होंगे। आज सर्वप्रथम वार्ड-12 रानी अवंती बाई चौक कोहका, शिक्षक नगर वॉलीवाल ग्राउण्ड के पास एवं ईदगाह चौक से दादू साहू के घर तक सड़क डामरीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। विधायक श्री सेन ने वार्ड-12 में ही बजरंग पारा, हाउसिंग बोर्ड, सनातन नगर, शिक्षक नगर एवं इन्द्रावती नगर मे सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके पश्चात वार्ड-11 फरीद नगर, बजरंग पारा में डामरीकृत मार्गों का नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ हुआ। वार्ड-07 कोसा नगर में पुलिया निर्माण कार्य भूमिपूजन के बाद नेहरू नगर अंडरब्रिज से भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन तक रेल्वे लाईन तक एवं भिलाई नगर नगर रेल्वे स्टेशन से सुपेला अण्डरब्रिज तक रेल्वे लाईन के समानांतर मार्ग निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य का पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया है।

### स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने पुलगांव, सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का किया निरीक्षण

**दुर्ग,2 दिसंबर।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधी एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव आज दुर्ग जिले में ग्राम पुलगांव, सेवती और बोरई तथा राजनांदगांव जिले के बिरेझर, सलोनी एवं चारभांठा स्थित शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी पढ़ाई, आवश्यकताओं और सीखने के अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपस्थिति, परिसर की स्वच्छता तथा उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों की स्थिति की गंभीरतापूर्वक समीक्षा की।स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चारभांठा में स्मार्ट क्लास के माध्यम से संचालित शिक्षण व्यवस्था का फीडबैक लिया और शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय स्टाफ को बच्चों का प्रैक्टिकल एवं निर्धारित पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण कर आगामी परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने दुर्ग जिले के ग्राम बड़े बिरेझर में धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित किसानों से रू-ब-रू चर्चा कर धान खरीदी के संबंध में उनसे विचार साझा किये। इस दौरान किसानों से बारदाना की उपलब्धता, टोकन की स्थिति तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

# राजभवन में 6 राज्यों की संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन किया गया

■ छह राज्यों के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक संगम, विधायक पुरंदर मिश्रा अपनी धर्मपत्नी के साथ हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 02 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राजभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम हॉल में आज 6 राज्य लक्षद्वीप, पुडुचेरी, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तराखंड और दिल्ली के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत, विकसित भारत 2047, तथा स्वच्छ भारतङ्कस्वस्थ भारत की परिकल्पना को समर्पित रहा। समारोह में उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा अपनी धर्मपत्नी के साथ शामिल हुए। माननीय राज्यपाल महोदय की उपस्थिति में आयोजित इस




राष्ट्रीय एकता कार्यक्रम में रायपुर नगर निगम की प्रथम नागरिक महापौर श्रीमती मीनल चौबे जी, राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी तथा प्रदेश के सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**छह राज्यों की संस्कृति एक मंच पर विविधता का अनूठा प्रदर्शन:** कार्यक्रम में सभी राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने प्रदेश की विशिष्ट पहचान, सांस्कृतिक परंपराएँ, लोकनृत्य, लोकगीत और साहित्यिक विरासत का आकर्षक प्रस्तुतिकरण किया। लक्षद्वीप के दल ने समुद्री संस्कृति, पारंपरिक नृत्य और तटीय जीवन की झलक प्रस्तुत की। पुडुचेरी ने फ्रेंच-भारतीय सभ्यता, तटीय कला और हस्तशिल्प की अनूठी विरासत सभी के सामने रखी। तमिलनाडु की टीम ने भरतनाट्यम, द्रविड़ संस्कृति और शास्त्रीय संगीत की भव्य प्रस्तुति दी। कर्नाटक के कलाकारों ने यक्षगान और दोल्लू कुनिथा जैसे पारंपरिक नृत्यों से सभागार को ऊर्जावान बना दिया। उत्तराखंड की प्रस्तुति में हिमालयी संस्कृति, लोकगीत और परंपराओं की सुंदर छटा देखने मिली। दिल्ली ने अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सूफ़ियाना पहचान को खूबसूरत अंदाज़ में प्रस्तुत किया। विधायक पुरंदर मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना की

**समारोह में उपस्थित विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने कहा कि—**एक भारत श्रेष्ठ भारत का उद्देश्य देश की विविध संस्कृतियों को एक मंच पर लाकर एकता और सौहार्द की भावना को मजबूत करना है। यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक शक्ति और सामूहिक विकास के संकल्प को नई दिशा देता है। उन्होंने सभी राज्यों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि - यह आयोजन राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक गौरव और विकसित भारत की दिशा में सामूहिक संकल्प का शानदार प्रतीक बनकर सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। राजभवन में हुआ यह भव्य समारोह भारत की विविधताओं को एक सूत्र में बाँधने वाली अद्वितीय सांस्कृतिक भावना को और अधिक मजबूत करता है। कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समृद्धि और विकसित भारत की परिकल्पना का बेहतरीन उदाहरण बनकर सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## एक नजर

### जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष का आयोजन बुनियादी स्कूल मैदान में

**बालोद, 02 दिसंबर।** जला प्रशासन बालोद एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इच्छुक प्रतिभागियों के पंजीयन की अंतिम तिथि 02 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी/दल पंजीयन फार्म, फोटोग्राफ्स एवं आवश्यक दस्तावेज सहित कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बुनियादी शाला मैदान परिसर में उपस्थित होकर 02 दिसंबर 2025 को शाम 05 बजे तक पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही प्रतिभागी अपना पंजीयन माय भारत पोर्टल में भी करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025-26 में शामिल प्रतिभागियों की आयुवर्ग 15 से 29 वर्ष एवं संगीतकार की आयु 18 से 40 वर्ष निर्धारित किया गया है। जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025-26 में लोक नृत्य विधा, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखक, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा, रॉकबैंड विधा शामिल है।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर 3 दिसंबर को जिलास्तरीय कार्यक्रम

**बालोद, 02 दिसंबर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरण एवं नवीनीकरण भी किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री अजय गेडाम ने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों के सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण एवं दृष्टिकोण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 03 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग परिसर झलमला में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही दिव्यांगजन अपना नवीन दिव्यांग प्रमाण पत्र अथवा प्रमाण पत्र का नवीनीकरण करा सकते हैं।

### गन्ना क्षेत्र विस्तार के लिए जिला प्रशासन की अभिनव पहल

**बालोद, 02 दिसंबर।** जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिले में गन्ना क्षेत्र के विस्तार हेतु अभिनव पहल की जा रही है। दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद के प्रबंध संचालक ने बताया कि दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद की वार्षिक पेराई क्षमता 02 लाख मि.टन है। जिसका कार्यक्षेत्र संपूर्ण बालोद जिला है। जिले में गन्ना रकबा में विस्तार व कृषकों को गन्ना खेती हेतु प्रेरित करने के लिये जिला प्रशासन के सहयोग से गन्ना बीज, खेत तैयारी अनुदान दिया जा रहा है। गन्ना डंठल बीज पर 90 प्रतिशत अनुदान एवं खेत तैयारी बीज रोपण पश्चात् 02 हजार रूपये प्रति एकड़ अर्थात् 05 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जा रहा है। कारखाना के ग्रीन हाउस से प्रति पौध 01 रूपये कृषक अंश राशि पर प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया है। कारखाना कृषकों को खेत तैयारी के लिए ट्रेक्टर, आधुनिक कृषि यंत्र न्यूनतम किराये पर उपलब्ध करा रही है। कृषकगण अपने क्षेत्र के गन्ना क्षेत्र सहायक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर गन्ना की लाभकारी फसल का उत्पादन कर सकते हैं।

### जल संरक्षण के प्रति सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करें : कलेक्टर


**बालोद,02 दिसंबर।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले के किसानों से की विनम्र अपील की है। उन्होंने कहा है कि बालोद एक कृषि प्रधान जिला है। जिले के 80 प्रतिशत से भी अधिक जनसंख्या कृषि कार्य पर निर्भर है। यद्यपि जिले में वर्षा सामान्य होती है। इसके बावजूद जिले का भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। वर्तमान में जिले का गुरूर विकासखण्ड क्रिटिकल जोन में तथा गुण्डरदेही और बालोद विकासखण्ड सेमी क्रिटिकल जोन में शामिल है। धान की फसल में अन्य फसलों की तुलना में अत्यधिक पानी की आवश्यकता होती है, 01 किग्रा. धान उत्पादन के लिए औसतन 3000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। ग्रीष्मकालीन धान के लिए कृषक मुख्य रूप से भूमिगत जल का उपयोग करते है।

### जिले में सुगमता और पारदर्शिता के साथ समर्थन मूल्य पर जारी है धान खरीदी

# धान उपार्जन केन्द्र में की गई बेहतर व्यवस्था से प्रसन्न हैं क्षेत्र के किसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद,02 दिसंबर।** बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुगमता और पारदर्शिता के साथ जारी है। जिले के ग्राम औंराभांठा स्थित धान उपार्जन केन्द्र बालोद में किसानों के लिए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। धान उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए बेहतर टोकन व्यवस्था के साथ ही पेयजल, बैठक, शौचालय सहित धान विक्रय हेतु तौल मशीन, हमाल आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। धान उपार्जन केन्द्र बालोद में की गई बेहतर व्यवस्था से किसान भी प्रसन्नचित है। धान विक्रय हेतु पहुँचे ग्राम झलमला के किसान श्री महेन्द्र कुमार साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि शासन-प्रशासन की व्यवस्था बहुत अच्छी है, इसका परिणाम है कि उनका धान आसानी से विक्रय हो पाया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने फसल की कटाई, मिंटाई आदि कार्य पूरा करने के



पश्चात मोबाईल में तुंहर टोकन एप्प के माध्यम से अपने धान के विक्रय हेतु टोकन लिया। उन्होंने बताया कि पहले सोसायटी में टोकन के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन अब मोबाईल के माध्यम से ही घर बैठे ऑनलाईन टोकन प्राप्त करने की सुविधा मिली है, जो कि उनके लिए




काफी सुविधाजनक साबित हुआ है।

किसान श्री सुरज कुमार पटेल ने बताया कि धान विक्रय के लिए टोकन लिए थे और आज वे धान खरीदी केन्द्र खुलते ही अपना धान लेकर आ गए हैं। जिसके पश्चात् समय पर ही उनके धान की आर्द्ता माप कर, पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराया गया। बारदाना में धान भरने, तौलाई, सिलाई तथा स्टेक में रखने हेतु खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में कर्मचारी उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से समय पर ही उनका धान विक्रय हुआ है। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र में की इस व्यवस्था से ही उनके धान का विक्रय आसानी से समय पर सुनिश्चित हुआ है, जिससे वे बहुत ही संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में पहुँचने वाले किसानों के लिए बैठक, पेयजल, शौचालय आदि की भी व्यवस्था है, जो उन्हें धान खरीदी के कार्य में काफी सुविधाजनक लगा। ग्राम हिरापुर के किसान श्री डिलेश्वर कुमार साहू ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र औंराभांठा की व्यवस्था बहुत ही अच्छी है, यहॉं आने वाले सभी किसानों को टोकन लेने के साथ ही धान विक्रय में काफी सुविधा मिली है। किसानों ने धान उपार्जन केन्द्र में की गई बेहतर व्यवस्था के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार जताया है।

### अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वालों के विरुद्ध की गई कार्रवाई

**बलौदाबाजार 02 दिसंबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से



शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना पलारी एवं सुहेला की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 30.11.2025 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले कुल 17 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 17 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है।

## धान खरीदी में पारदर्शिता और उपार्जन केंद्र में बेहतर सुविधा से खुश हैं मुढ़ीपार के किसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,02 दिसंबर।** जिले के ग्राम मुढ़ीपार के किसान कुमार वर्मा ने उपार्जन केंद्र भरसेली में अपने 293 कट्टा धान की बिक्री की। धान खरीदी में पारदर्शिता व केन्द्र में बेहतर सुविधा से खुश किसान वर्मा धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग अपने लड़के की शादी में करेंगे। किसान वर्मा ने बताया कि 6 एकड़ खेत में धान की खेती करते हैं और इस वर्ष उन्हें ऑनलाइन टोकन की सुविधा मिली, जिसे उन्होंने मोबाइल के माध्यम से ही काटा लिया। वर्तमान में साय सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को



आर्थिक मजबूती मिल रही है। वर्मा जी ने बताया कि धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे अपने लड़के की शादी में करेंगे। केंद्र की व्यवस्था से संतुष्ट किसान कुमार वर्मा ने कहा कि भरसेली उपार्जन केंद्र में समय पर बारदाना मिल रहा है, तौल की प्रक्रिया भी समय पर और एकदम पारदर्शी तरीके से हो रही है। किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र में समाधान पेटी भी लगाई गई है, जिसमें किसान अपने सुझाव या समस्याएं लिखकर दे सकते हैं।सरकारी प्रबंधों और सुव्यवस्थित खरीदी प्रक्रिया से प्रभावित होकर वर्मा जी ने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि सरकार की किसान हितैषी पहल से खेतिहर परिवारों को वास्तविक लाभ मिल रहा है और खेती-किसानी और मजबूत हो रही है।

## एसआईआर के लिये अब तक 89 प्रतिशत से अधिक गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन पूर्ण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 02 दिसंबर।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में गणना पत्रक संकलन एवं डिजिटइजेशन का कार्य जारी है। अब तक 89.12प्रतिशत गणना पत्रक का संकलन एवं डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में कुल 949277 मतदाता हैं जिसमें से अब तक 946551 मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किया जा चुका हैं तथा 845994



गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन किया गया है।इसमें कसडोल विधानसभा अंतर्गत 34620 गणना पत्रक, बलौदाबाजार विधानसभा के 266338 गणना पत्रकार और भाटापारा विधानसभा के 233454 गणना पत्रक शामिल हैं। एसआईआर कार्यक्रम के लिये जिले के करीब ढाई हजार अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक घर- घर गणना चरण अवधि (घर-घर जाकर सत्यापन) कार्य, 9 दिसम्बर 2025 को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन,9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्ति की अवधि,9 दिसम्बर से 31जनवरी 2026 तक नोटिस चरण एवं 7 फ़रवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

### तकनीकी एवं व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने के लिए

# बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने जिले के समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों की ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 02 दिसंबर।** पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में जिले में स्थित समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों का बैठक लिया गया। बैठक का मुख्य मुद्दा अपराधों की रोकथाम एवं साइबर क्राइम से जुड़े हुए आवश्यक मुद्दे रहे। इस दौरान पुलिस-बैंक प्रबंधन के मध्य आपसी समन्वय एवं बैंक में जानकारी आदि प्राप्त करने में आ रही तकनीकी एवं व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने हेतु यह समन्वय बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा कहा गया कि किसी भी साइबर क्राइम की रोकथाम एवं साइबर अपराधी को पकड़ने में बैंक



प्रबंधन का महत्वपूर्ण स्थान होता है। किसी भी प्रकरण में बैंक प्रबंधन से जानकारी विलंब से प्राप्त होने या नहीं मिलने से पीड़ित को न्याय नहीं मिल पाता, इसलिए पुलिस द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित मांगी जाने वाली जानकारी अविलंब प्रदान करें। इसके साथ ही किसी भी व्यक्ति का अकाउंट खोलते समय पूरी सावधानी बरते। आवेदक का संपूर्ण कागजात प्राप्त करें, उसकी प्रारंभिक जांच एवं सामान्य पूछताछ कर पूरी तरीके से संतुष्ट होने एवं समस्त वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के उपरांत ही उसका अकाउंट ओपन करें। इसके साथ ही ग्राहक को बैंक खाता नियमों की पूरी जानकारी दें तथा उन्हें खाता के म्यूल अकाउंट के रूप में प्रयोग होने पर अपराध के दायरे में भी आने के संबंध में समुचित जानकारी प्रदान करें। श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा होल्ड राशि प्रकरणों पर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा गया कि माननीय न्यायालय का आदेश होने के उपरांत भी कई बैंक प्रबंधकों द्वारा होल्ड राशि पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। यह एक प्रकार से माननीय न्यायालय के आदेश की अवहेलना है, इसलिए होल्ड राशि प्रकरणों पर प्राथमिकता के तहत कार्यवाही किया जाए। बैठक में बैंक सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा आदि की सतत् मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक ने समस्त बैंक प्रबंधकों को बैंक में आने वाले ग्राहकों एवं आमजनों की सुविधा के लिए पर्याप्त यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था की सुनिश्चित करने हेतु तथा बैंक आने वाले लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने हेतु हिदायत दिया गया। इस दौरान बैठक में जिले के समस्त राष्ट्रीयकृत बैंक, ग्रामीण सहकारी बैंक आदि के बैंक प्रबंधक एवं बैंक अधिकारी शामिल हुए।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित,पीपीओ की कापी सौंपी



**बलौदाबाजार, 02 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अधिवर्षिता उपरांत सेवा निवृत्त हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों को कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को शाल -श्रीफल से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने पेंशन अदायगी आदेश( पीपीओ )की कॉपी भी सौंपी। कलेक्टर श्री सोनी ने विभाग के माध्यम से अमजनों की सेवा के लिये सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए दीर्घायु एवं स्वास्थ्य जीवन की शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा उपस्थित थीं। माह नवम्बर 2025 में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी- कर्मचारियों में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सुखन राम नायक एवं राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार से अलोक चंद्र शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार से भूपेंद्र कुमार शर्मा एवं वनमण्डलधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार से झुनू राम यादव शामिल हैं। इन सभी अधिकारी -कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर ने राइस मिल सहित पोहा मिल का भी स्टॉक वेरिफिकेशन करने के दिए निर्देश



**बलौदाबाजार,02 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को खाद्य, सहकारिता,कृषि एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने धान के रिसायक्लिग एवं अवैध धान पर निगारनी रखने के लिये रईस मिल के साथ ही पोहा मिलों का भी स्टॉक वेरिफिक्रेशन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सभी मण्डी में धान क्रय - विक्रय से सम्बधित अनुबंध पत्र व सौदा पत्रक नियमानुसार संधारित करें। किसानों से आधार कार्ड की छायाप्रति भी जमा कराएं।उन्होंने किसानों से अतिरिक्त रकबा समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि धान बेचने आने वाले किसानों से अतिरिक्त रकबे का अनिवार्य रूप से समर्पण कराएं। अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी के लिये उड़ानदस्ता दल एवं चेक पोस्ट से प्रतिदिन की कार्यवाही की जानकारी लेने के निर्देश दिये। बताया गया कि खाद्य विभाग एवं मण्डी सचिव द्वारा अब तक़ 51 प्रकरणों में 1529 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है वहीं2070 किसानों का लगभग 35 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया है।

### सेवानिवृत्तों की दी गई विदाई



**बलौदाबाजार 02 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज दिनांक 01.12.2025 को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में सेवानिवृत्त उप निरीक्षक श्री सुखेन राम नायक एवं सहायक उप निरीक्षक श्री राजेंद्र कुमार त्रिपाठी का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री सुखेन राम नायक पुलिस विभाग मे दिनांक 04.10.1986 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात दिनांक 13.10.2018 को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। पूर्व में वे जिला रायपुर, धमतरी के कई थानों में पदस्थ रहे हैं तथा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में अभी वर्तमान में थाना कसडोल में पदस्थ होकर कार्यरत थे। श्री सुखेन राम नायक आज दिनांक 30.11.2025 को सेवानिवृत्त हुए हैं। श्री राजेंद्र कुमार त्रिपाठी पुलिस विभाग मे दिनांक 19.01.1985 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात दिनांक 19.10.2024 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं तथा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में थाना सुहेला, कसडोल, भाटापारा शहर, पलारी आदि थानों तथा अभी वर्तमान में भाटापारा ग्रामीण में पदस्थ होकर कार्यरत थे। श्री राजेंद्र कुमार त्रिपाठी दिनांक 30.11.2025 को सेवानिवृत्त हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता द्वारा सेवानिवृत्त उप निरीक्षक श्री सुखेन राम नायक एवं सहायक उप निरीक्षक श्री राजेंद्र कुमार त्रिपाठी के उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनका विभाग के प्रति किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा किया गया तथा इन्हे शाल एवं श्रीफल से सम्मानित कर पुलिस विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार भेंट किया गया। विदाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, श्री तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा, श्री राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, श्रीमती उषा सोंधिया उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षण प्रणाली वैद्य, निरीक्षक(एम) शैलेंद्र प्रजापति, उप निरीक्षक(एम) पवन बंदे, चंद्रिका साहू, सउनि(एम) मनीष चौबे, सुषमा कौशिक, अश्वनी विशाल सहित पुलिस कार्यालय के समस्त स्टाफउपस्थित थे।

## समय के साथ पुलिसिंग में बदलाव जरूरी भी है

संपादकीय

समय के साथ सामाजिक,आर्थिक और तकनीक परिवर्तन होते रहते हैं। इससे हर क्षेत्र में बदलाव की जरूरत होती है। पुलिस देश की आंतरिक सुरक्षा का काम देखती है, इसलिए उसमें भी वक्त के साथ बदलाव जरूरी होते हैं ताकि उसका काम आसान हो सके और उसमें कम वक्त लगे तथा वह अपने काम में ज्यादा से ज्यादा सफल हो सके।पीएम मोदी ने 60 वें डीजी आईजी कांफ्रेंस में पुलिस के आधुनिकीकरण पर जोर दिया है। पुलिस जितने आधुनिक तरीके के काम करती है, उसकी सफलता उतनी ही ज्यादा होती है, उसे सफलता के लिए समय भी कम लगता है। पीएम मोदी ने कांफ्रेंस में कहा है कि पुलिस तंत्र को पूरी तरह आधुनिक तकनीक सक्षम और भविष्य केंद्रित बनाया जाए।भारत में जिस गति से सामाजिक, आर्थिक व तकनीकी बदलाव हो रहे है। उसी रफ्तार से पुलिसिया माडल को भी अपडेट करने की जरूरत है। अब तक पीएम,सीएम मानते आए हैं कि पुलिस का काम कानून व्यवस्था बनाए रखना है पीएम मोदी ने उनकी भूमिका को और विस्तार देते हुए कहा है कि पुलिसिंग अब केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं है, बल्कि वह विकसित भारत के निर्माण का आधार स्तंभ है। उन्होंने बलों को राष्ट्रीय विकास यात्रा का सक्रिय भागीदार बताते हुए कहा है कि पुलिस बल जितना सक्षम,आधुनिक व जवाबदेह होगा भारत उतना ही सुरक्षित,प्रगतिशील व वैश्विक होगा। 2014 के बाद देश के हर क्षेत्र में जरूरत के हिसाब से रिफार्म मोदी सरकार ने किए हैं। इससे कई क्षेत्र जो पहले वैश्विक मानक पर पिछड़े हुए रहते थे आज वह वैश्विक मानक के आधार पर परफार्म कर रहे हैं। चाहे सीमा पर सुरक्षा का सवाल हो, देश के भीतर आंतकवाद,उग्रवाद का मसला हो, नक्सलवाद का सफाया करना हो, आर्थिक क्षेत्र हो,सामाजिक क्षेत्र मे हर क्षेत्र में मोदी सरकार ने जो बदलाव किए है, उससे देश और देश की जनता को लाभ हुआ है। सैन्य क्षेत्र में बदलाव किए जाने से देश सैन्य क्षेत्र में आज तीसरा सबसे शक्तिशाली देश बन गया है। आर्थिक क्षेत्र में बदलाव से देश आज विश्व की सबसे बड़ी चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। आज देश के भीतर से ही नहीं पड़ोसी देशों से भी कई तरह की समस्या का सामना देश को करना पड़ता है। इसमें सीमा पार का आतंकवाद, ड्रग्स व हथियारों की तस्करी, अवैध तरीके से लोगों की घुसपैठ आदि है, इसके लिए पड़ोसी देशों को यह बताते रहने की जरूरत होती है कि हम आतंकवाद,ड्रग तस्करी रोकने के लिए दूसरे देश में घुसकर भी उनका सफाया कर सकते हैं। पहले भारत ऐसा नही कर पाता था क्योंकि उसकी ऐसी तैयारी नहीं थी, अब भारत ने ऐसी तैयारी की है,इसलिए वह अब ऐसा कर सकता है। सैन्य क्षेत्र में जिस तरह आधुनिक साजो सामान से सेना का मजबूत बनाया गया है, इसी तरह देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस बल व सुरक्षा बलों को भी हर तरह के आधुनिक व बेहतरीन साजो सामान देकर मजबूत बनाने की जरूरत है। तकनीक से समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है। इसका एक अच्छा उदाहरण है सरकारी तंत्र में पसरे भ्रष्टाचार को कम करना। पहले केंद्र से राज्यों को लोगों की मदद के लिए पैसा आता था तो वह भेजा एक रुपए जाता था, लोगों को 15 पैसा मिलता था। उस वक्त की सरकारों ने इसे रोकने के लिए तकनीक की मदद नहीं ली और उसे अनिवार्य बुराई मान लिया की यह तो हमेशा रहेगी लेकिन पीएम मोदी ने इस समस्या का समाधान तकनीक से किया और सीधे लोगों के खाते में पैसा भेजने की तकनीक का इस्तेमाल किया। इससे आज केंद्र से लोगों को एक रुपए भेजा जाता है तो उनको एक रुपए ही मिलता है,यह नई तकनीक से संभव हुआ है।इसी तरह नक्सली समस्या को लेकर भी यह धारणा थी कि इसका समाधान संभव नहीं है, यह आंतरिक सुरक्षा के लिए समस्या बने रहेंगे। पीएम मोदी और अमित शाह ने इसके सफाए की सोची और आधुनिक तकनीक व साजो सामान उपयोग कर देश को बताया कि आतंकवाद का सफाया हो सकता है तो नक्सलवाद का भी सफाया हो सकता है। पहले देश के कई जिलों में नक्सली गतिविधियां खुले आम चलती थी, मोदी सरकार व अमित शाह के प्रयास से अब गिने चुने जिलों में नक्सली समस्या रह गई है। जिस तरह नक्सली सरेंडर कर रहे हैं, उससे तो ऐसा लगता है कि 2026 के पहले ही नक्सलियों का सफाया हो जाएगा, यह भी संभव हुआ है तो आधनिक तकनीक के प्रयोग किए जाने से।

# संसद को बाधित करना राष्ट्र को बाधित करना है

राजनीति

ललित गर्ग



भारत की संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से आरंभ हो रहा है और इसके प्रारंभ होने से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने आने वाले दिनों में संसद की कार्रवाई के हंगामेदार होने का संकेत देने में देर नहीं लगाई। विपक्ष ने स्पष्ट कर दिया है कि वह एस.आई.आर. सहित कई मुद्दों पर जोरदार ढंग से सदन में अपनी आवाज उठाएगा। विपक्ष संसद में सवाल उठाए, आवाज उठाए, यह उसका संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है, लेकिन मुद्दा यह है कि क्या यह अधिकार सार्थक बहस के रूप में सामने आएगा या एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़कर भारत के लोकतंत्र को शर्मसार करेगा। मॉनसून सेशन अगर ऑपरेशन सिंदूर के नाम था, तो इस बार बहस के केंद्र में एस.आई.आर. है। लेकिन, सरकार और विपक्ष-दोनों से ही सदन के भीतर ज्यादा समझदारी, संयम, शालीनता और सहयोग की अपेक्षा है, ताकि सत्र में अधिक काम हो सके। शीतकालीन क19 दिसंबर तक चलना है। इसमें कुल 15 दिन कार्यवाही चलेगी और इस दौरान शिक्षा, सड़क और कॉरपोरेट लॉ संबंधी कई अहम बिल पेश किए जाएंगे। इसी सत्र में हेल्थ सिक्यॉरिटी एंड नैशनल सिक्यॉरिटी सेस बिल, 2025 भी रखा जा सकता है, जिसका मकसद देश के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा तैयारियों के लिए एक नया उपकर लगाना है। सारे ही बिल-प्रस्ताव महत्वपूर्ण हैं और इन पर सार्थक बहस की जरूरत है।

निश्चित दौर पर पिछले अनेक वर्षों से संसद की कार्रवाई हंगामे, शोर-शराबे, नारेबाजी की भेंट चढ़ती रही है। पिछला सत्र इस संदर्भ में बेहद निराशाजनक रहा। वेल में आकर नारेबाजी, कुर्सियां ठोकने, प्लेकार्ड दिखाने और लगातार स्थगन जैसे दृश्य दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण तस्वीर पेश करते रहे। वह सत्र देश के संसदीय इतिहास के सबसे कमजोर प्रदर्शन वाले सत्रों में गिना गया, जब लोकसभा की प्रॉडक्टिविटी महज 31 प्रतिशत के आसपास और राज्यसभा की लगभग 39 प्रतिशत रही। हंगामे और शोर-शराबे की वजह से दोनों सदनों में कई महत्वपूर्ण घंटे बर्बाद हो गए थे। सवाल यह है कि आखिर यह परंपरा कब बदलेगी? कब हमारे जनप्रतिनिधि समझेंगे कि संसद का एक-एक मिनट देश के करोड़ों लोगों की गाढ़ी कमाई से चलता है? एक मिनट का व्यर्थ खर्च लोकतंत्र की आत्मा को चोट पहुंचाता है। संसद केवल बहस का मंच नहीं बल्कि देश की नीतियों, कानूनों और विकास-दिशा को तय करने वाला सर्वोच्च स्थल है। लोकतंत्र की सफलता का मूलमंत्र जनता द्वारा चुनकर भेजे गए प्रतिनिधियों की सजगता, जवाबदेही और गरिमा है। इसलिए संसद का हर क्षण अर्थपूर्ण, कार्यकारी होना चाहिए, हर चर्चा राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने वाली होनी चाहिए और हर बहस शालीनता तथा परिपक्वता की कसौटी पर खरी उतरनी चाहिए।

सत्र को सुचारुरूप से चलाने के लिये सरकार की ओर से सर्वदलीय बैठक आयोजित करना एक स्वस्थ एवं सौहार्दपूर्ण परम्परा एवं एक आशा की किरण है। इस बार भी सत्र शुरू होने से पहले 36 दलों का एक साथ बैठक करना एक अच्छी शुरुआत है। यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं बल्कि संवाद और सहयोग की दिशा में एक सार्थक पहल है। देश यह उम्मीद कर सकता है कि यदि सदन का संचालन भी इसी सकारात्मक भावभूमि पर हुआ तो यह सत्र एक आदर्श परंपरा स्थापित कर सकता है। लोकतंत्र में



मतभेद होना स्वाभाविक है, परंतु मनभेद अनिवार्य नहीं। संसद उन मनभेदों को संवाद में बदलने का पवित्र स्थान है। निश्चित ही विपक्ष की भी अपनी मांगें हैं, जिसे सर्वदलीय बैठक में रखा गया। विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, एसआईआर, वायु प्रदूषण और विदेश नीति पर विस्तृत चर्चा चाहता है। अच्छी बात है कि विपक्षी दलों ने इस बारे में पहले ही अवगत करा दिया है और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के ही मुताबिक, किसी ने भी यह नहीं कहा कि संसद नहीं चलने दी जाएगी। सरकार और विपक्ष, दोनों का इस पर सहमत होना कि सदन चलना चाहिए, स्वागत योग्य है।

इस सत्र से सरकार 14 महत्त्वपूर्ण विधेयक पेश करने जा रही है। इन विधेयकों को पारित करवाना मात्र सरकार की जिम्मेदारी नहीं है; यह विपक्ष की भी उतनी ही बड़ी भूमिका है कि वह रचनात्मक सुझाव दे, आवश्यक संशोधन का आग्रह करे और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए संवाद के माध्यम से कानूनों को दिशा दे। लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों दो पहिये हैं, एक पहिया चिटक जाए तो रथ आगे नहीं बढ़ता। आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद में एक नई लकीर खींची जाए-शालीनता की, संवैधानिक मर्यादाओं की, तर्कसंगत बहस की और राष्ट्रीय हित की। दुनिया भर के लोकतंत्रों में बहसें गरम होती हैं, लेकिन गरिमा नहीं टूटती। भारत में भी यह संस्कृति विकसित होनी चाहिए। विपक्ष का काम सरकार को कठघरे में खड़ा करना है, लेकिन वह हंगामे से नहीं बल्कि तथ्यपूर्ण तर्कों से हो। सवाल उठाने का अधिकार तभी सार्थक है जब उसके साथ उत्तर सुनने की तैयारी भी हो। पिछले कुछ सत्रों में यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि विपक्ष प्रश्न पूछता है लेकिन उत्तर सुनने का अवसर ही नहीं देता। यह लोकतंत्र की आत्मा का हनन है। संसद सिर्फ आवाज बुलंद करने का मंच नहीं, वह सुनने, समझने और समाधान खोजने का माध्यम है। दुर्भाग्य से, पिछले कुछ वर्षों में यह मंच पक्ष और विपक्ष की राजनीतिक लड़ाइयों का अखाड़ा बनता जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि सरकार को भी विपक्ष के सवालों का सम्मानपूर्वक जवाब देना चाहिए, लेकिन विपक्ष को भी यह समझना होगा कि राजनीति निरंतर संघर्ष का नाम नहीं बल्कि संवाद की प्रक्रिया है।

देश की जनता बेहद उम्मीदों के साथ इस सत्र को देख रही है। महंगाई, रोजगार, सुरक्षा, विदेश नीति, सामाजिक सौहार्द, अर्थव्यवस्था, कृषि, शिक्षा और न्याय-ये सभी गंभीर मुद्दे हैं। जनता चाहती है कि उसके चुने हुए प्रतिनिधि इन मुद्दों पर ठोस बहस करें। यदि संसद हंगामों का अखाड़ा बन जाए, तो इन मुद्दों का समाधान कैसे निकलेगा? लोकतंत्र का वास्तविक मूल्य कानून में नहीं बल्कि उसके निर्बाध संचालन में है; यदि संचालन त्रुटिपूर्ण हो जाए, तो कानून भी अर्थहीन हो जाता है। संसद की गरिमा देश की गरिमा है। सांसद केवल राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा के वाहक हैं। उनकी भाषा, उनका आचरण और उनकी बहसें भविष्य की राजनीति का मार्ग तय करती हैं। यह चिंता का विषय है कि आज युवा पीढ़ी संसद के व्यवहार को लोकतंत्र का आदर्श नहीं, बल्कि अव्यवस्था का प्रतीक मानने लगी है।

सदन की मर्यादा केवल स्पीकर या सभापति पर निर्भर नहीं, बल्कि सभी सांसदों के संयम एवं शालीनता पर निर्भर है। सभापति का सम्मान करना, नियमों का पालन करना, विषय पर रहने वाली बहस करना और असहमति में भी सभ्यता-शालीनता बनाए रखना- ये संसदीय चरित्र के मूल तत्व हैं। इनका पालन ही संसद की शुचिता को बनाए रख सकता है। यदि सरकार बहुमत के अहंकार में विपक्ष की उपेक्षा करती है तो यह गलत है; लेकिन यदि विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका छोड़कर केवल अवरोध बन जाए तो यह भी लोकतंत्र के साथ अन्याय है। संसद तभी सफल होगी जब दोनों तरफ का आचरण सकारात्मक हो। इस दृष्टि से शीतकालीन सत्र नई परंपराओं का प्रारंभ बनना ही चाहिए। इस बार के सत्र से यह अपेक्षा है कि यह एक सकारात्मक, शालीन और प्रगति का सत्र बने। यह केवल कानून पारित करने का सत्र न हो; यह संवाद का, सौहार्दपूर्ण वार्ता का, समस्याओं के समाधान का और राष्ट्रीय हित के नए संकल्प का सत्र हो। यदि इस बार पक्ष और विपक्ष मिलकर अनुशासन, मर्यादा और जिम्मेदारी की एक नई लकीर खींच दें, तो देश के लोकतांत्रिक इतिहास में यह सत्र मील का पत्थर बन सकता है। भारत का लोकतंत्र विश्व के लिए प्रेरणा बन सकता है, बशर्ते संसद स्वयं अपने भीतर अनुशासन, शांति और संवाद की संस्कृति को स्थापित करे। यह सत्र उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बन सकता है। देश आज यही उम्मीद कर रहा है कि जो सर्वदलीय बैठक शांति और सहमति से हुई, उसी भाव के साथ संसद का संचालन भी हो। यदि यह संभव हुआ तो यह केवल एक सत्र की सफलता नहीं होगी, बल्कि भारत के लोकतंत्र की विजय होगी।

## सू- दोकू क्र.246

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.245 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

मेष आज आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलना होगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप कुछ कामों को लेकर त्याग करेंगे, लेकिन आपको यदि कोई शारीरिक समस्या महसूस हो, तो आप उसे नजरअंदाज बिल्कुल ना करें। आप अपने आर्थिक मामलों में सोच विचारकर आगे बढ़ेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको किसी सरकारी योजनाओं में भाग लेने का मौका मिलेगा।

वृषभ आज आप अपनी आय को बढ़ाने के सोर्स पर पूरा ध्यान देंगे। आप शेयर मार्केट में अच्छा इन्वेस्टमेंट करेंगे, जो आने वाले समय में आपको बेहतर लाभ देगे। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छी स्कीम मिलेगी। आपके बॉस आपके कामों से खुश आज आप मेहनत से बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगे, जिससे आपके काम आसानी से पूरे होंगे। आप अपने कारोबार में पूरा फोकस बनाए रखें। आपको अपने महत्वपूर्ण कामों पर पूरा ध्यान देना होगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपके करियर में चल रही समस्या दूर होंगी। आपके बॉस आपके अच्छे कामों से खुश होकर आपको कोई नए पद देने की बात कर सकते हैं। आप अपनी संतान की फरमाइश पर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। आप अपने किसी पुराने लेनदेन को लेकर परेशान रहेंगे। किसी नई जॉब को के रहते आप ट्राई करें तो वह भी आपको मिल सकते हैं।

कर्क आज आप अपने आसपास रह रहे लोगों का भरोसा जीतने में कामयाब रहेंगे। भाग्य का आपको पूरा सफलता मिलेगी। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी और आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। आप अपने कामों में धैर्य और साहस से आगे बढ़ेंगे। मित्रों का समर्थन आप पर बना रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में थोड़ी मेहनत करनी होगी, तभी वह किसी परीक्षा में सफलता हासिल कर सकेंगे। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

सिंह आज आप किसी काम को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं और व्यापार में भी आपको अपनी आंखों का ख्याल रखें। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। संतान से आपकी किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानकर चलना होगा। यदि आपने किसी से धन को लेकर कोई लेनदेन किया था, तो वह आपके लिए समस्या बन सकता है। आर्थिक विषयों पर आपका पूरा फोकस रहेगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। दांपत्य जीवन में कुछ समस्याएं थी, तो आप उन्हे मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलने से भी टीम वर्क के जरिए काम करके पूरे हो सकेगी। आपके बॉस से आपको काम को लेकर शाबाशी मिल सकती हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों के जन समर्थन में इजाफा होगा और उन्हें कुछ नए लोगों से भी मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा।

तुला आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा और कामों में आप पूरा अनुशासन दिखाएंगे। आपके किसी के तर्क वितर्क में ना पड़ें, तो भी आपके लिए बेहतर रहेगा। आप किसी बात को लेकर बहकावे में ना आएं और किसी काम में उसके नीति नियमों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए कला कौशल में सुधार लेकर आएगा। आप अपने करीबियों के साथ समय बिताएंगे। आपकी किसी बात से बॉस काफी खुश रहेंगे। अध्ययन व अध्यात्म के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी कुछ नई कोशिशें रंग लाएंगी।

धनु आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। पारिवारिक विषयों में आपको पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड ना रहें और अति उत्साहित होकर आप यदि किसी काम को करेंगे, तो उसमें कोई गड़बड़ी हो सकती हैं। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा और किसी पुरानी गलती को लेकर आपको पछतावा होगा। माताजी की सेहत में गिरावट आने से भागदौड़ बनी रहेगी। आपको अपनी परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को भी पूरा करना होगा।

मकर आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको कुछ नये संपर्कों से लाभ मिलेगा। आप बड़ों की सेवा के लिए भी कुछ समय निकलेंगे। आप भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बचें, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। जो लोग शेयर मार्केट अथवा लॉटरी आदमी इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो वह किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत अवश्य करें। आपको काम के साथ-साथ आराम के लिए भी समय निकालना होगा, नहीं तो आपकी कोई पुरानी बीमारी उभर सकती हैं।

कुंभ आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपके जीवन स्तर में सुधार आएगा। आपको अपनी भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और बिजनेस में भी कुछ उतार-चढ़ाव के बाद आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आप नौकरी में किसी अजनबी पर थोड़ा सोच समझकर भरोसा करें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई पुराना लेनदेन समाप्त होगा।

मीन आज आप अपने सभी कामों में तेजी से आगे बढ़ेंगे और आप अपने बॉस का भरोसा जीतने में भी कामयाब रहेंगे। आपको अपने किसी रुके हुए काम को पूरा करने से काफी खुशी होंगे। जीवनसाथी भी आपके काम में आपका पूरा साथ देंगे। आज आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता हासिल होगी। संतान को पढ़ाई-लिखाई से संबंधित कोई समस्या थी, तो वह दूर होती दिख रही है। पारिवारिक मामलों में आपको थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# सोनिया-राहुल के गले की फांस बनता नेशनल हेराल्ड मामला

मनोज कुमार अग्रवाल



नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती दिखाई दे रही हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने नेशनल हेराल्ड केस में मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति 50 लाख रुपये में खरीदी गई थी। दोनों नेताओं के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने नई प्राथमिकी दर्ज की है। इस में सोनिया और राहुल के अलावा कुल छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं।

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने राहुल और सोनिया गांधी समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिडेट की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति महज 50 लाख रुपये में हड़प ली गई थी। इस मामले में एजेएल ने 6 लोगों और 3 कंपनियों को आरोपी बनाया है।नेशनल हेराल्ड केस की जांच कर रही इडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज किया है। कांग्रेस पार्टी से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स को धोखाधड़ी से कब्जाने की साजिश का आरोप लगा है।

सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड केस की जांच पूरी करने के बाद अपनी रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की।

रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण धोखाधड़ी के जरिए किया गया। एसोसिएट जर्नल की कुल संपत्ति लगभग 2000 करोड़ रुपये बताई गई है। यह अधिग्रहण यंग इंडियन के माध्यम से किया गया था, जिसमें गांधी परिवार की 76 फीसदी हिस्सेदारी बताई जाती है।आपको बता दें कि नई एफआईआर में सोनिया और राहुल के अलावा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा और तीन अन्य व्यक्तियों के नाम भी दर्ज किए गए हैं। जिन कंपनियों को एफआईआर में शामिल किया गया है, उनमें एजेएल, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। एफआईआर में इसमें आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं. इडी ने 9 अप्रैल,2025 को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और डोटेक्स के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल हेराल्ड/एसोसिएटेड जर्नल्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक चार्जशीट दायर की थी.आपको बता दें कि ताज़ा एफआईआर में सोनिया गांधी (आरोपी संख्या 1)राहुल गांधी (आरोपी संख्या 2)सुमन दुबे (आरोपी संख्या 3)सैम पित्रोदा (आरोपी संख्या 4) मेसर्स यंग इंडियन (आरोपी संख्या 5)मेसर्स डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड (आरोपी संख्या 6)सुनील भंडारी (आरोपी संख्या 7)बनाए गए हैं।

आरोप है कि कोलकाता स्थित तीन फर्जी कंपनियों के माध्यम से यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिए गए और सिर्फ 50 लाख रुपये में एसोसिएट जर्नल का अधिग्रहण किया गया, जबकि एसोसिएट जर्नल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये आंकी गई है। माना जा रहा है कि दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों से पूछताछ कर सकती है। गांधी परिवार पर आरोप है कि इस संपत्ति को हड़पने के लिए यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्जी का इस्तेमाल किया गया। ये कंपनियां कथित तौर पर कोलकाता की एक शेल कंपनियां हैं, जिसने यंग इंडिया को एक करोड़ रुपये दिए थे। जिससे गांधी परिवार ने कांग्रेस को 50 लाख रुपये देकर एसोसिएट जर्नल को कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदने के लिए कहा था।

गौरतलब है कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरूआत की थी। इसकी संपत्ति दिल्ली, मुंबई, लखनऊ समेत कई शहरों में फैली थी। एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी अखबार के प्रबंधन का जिम्मा संभालती थी। आरोपों के मुताबिक जिस वक्त नेशनल हेराल्ड की संपत्ति गांधी परिवार को महज 50 लाख रुपये में बेची गई उस वक्त उसकी कीमत 2,000 करोड़ रुपये थी। आपको पता रहे नेशनल हेराल्ड केस में 2008 से 2014 के बीच मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। वर्ष 2014 में भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की निजी शिकायत के आधार पर दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने इस मामले पर संज्ञान लिया था। 9 अप्रैल को गांधी परिवार समेत अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आपको बता दें गांधी परिवार ने पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट दोनों में चुनौती दी, लेकिन अदालतों ने कोई राहत नहीं दी. चूंकि यह मामला हजारों करोड़ की एजेएल की संपत्तियों और शेयरों के रूप में अपराध की आय बनाने, कब्जे और उपयोग से संबंधित है, इसलिए 752 करोड़ मूल्य की एजेएल की संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए इडी ने 20 नवंबर 2023 को अटैच करने का आदेश जारी किया था, जिसकी निर्णायक प्राधिकारी ने पुष्टि कर दी है.

इडी की जांच रिपोर्ट आयकर विभाग के यंग इंडियन के मामले में 27 नवंबर 2017 के आदेश को और आगे बढ़ाती है. 2017 में, आईटी विभाग ने यंग इंडियन के हाथों एजेएल की संपत्तियों के अवैध अधिग्रहण पर 414 करोड़ से अधिक की बड़ी टैक्स चोरी पाई थी।



हालांकि इडी के आरोपों को कांग्रेस पार्टी लंबे समय से खारिज करती आ रही है। कांग्रेस का कहना है कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी बीजेपी एजेंसियों का इस्तेमाल कर गांधी परिवार को परेशान कर रही है। कांग्रेस ने लगातार आरोपों को गलत बताया है और इडी पर सरकार के कहने पर राजनीतिक चाल चलने का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ बीजेपी इसे कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार का भ्रष्टाचार बताती रही है। राजनीतिक हल्के में ताजा एफआईआर से हड़कंप मच गया है कयास है कि राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले के आगे बढने पर नेता प्रतिपक्ष पद भी छोड़ना पड़ सकता है। संभावना है कि अब सरकार विपक्ष पर हावी होने के लिए नई स्टेट्रजी बना कर काम कर रही है और जल्द ही कुछ अहम बिल सरकार संसद में लाएगी और अपने अजेंडा को प्रभावी बनाएगी।

## एक नजर

### बढ़ी ठंड, प्रातःकालीन स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग

**जगदलपुर 02 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर में बढ़ती कड़ाके की ठंड और सुबह के घने कोहरे को देखते हुए प्रातः कालीन स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग उठने लगी है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने जिला कलेक्टर बस्तर को पत्र भेजकर स्कूल समय में बदलाव की आवश्यकता बताई है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि जिले में कई स्कूल दो पाली में संचालित होते हैं, जिनमें प्रथम पाली का समय प्रातः 7:30 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित है। श्रीवास्तव के अनुसार बस्तर में प्रातःकाल लगभग 7 बजे तक घना ठंडा कोहरा छाया रहता है, जिससे छोटे बच्चों का इस समय विद्यालय पहुंचना स्वास्थ्य की दृष्टि से प्रतिकूल है। अत्यधिक ठंड के कारण नन्हे विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों को भी विद्यालय आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन को आग्रह करते हुए कहा कि मौसम की कठोर परिस्थितियों को देखते हुए प्रातःकालीन स्कूलों के समय में संशोधन किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि वर्तमान समय 7:30 बजे के स्थान पर 8:30 बजे से स्कूल आरंभ करने का आदेश जारी किया जाए, जिससे बच्चों और शिक्षकों को राहत मिल सके।

### पेंशनर्स को मिलने लगे डिजिटल पहचान पत्र

**जगदलपुर 02 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अन्ततः पेंशनर्स महासंघ का प्रयास रंग लाया, कलेक्टर बस्तर के निर्देश के बाद पेंशनरों को आभार एप के माध्यम से डिजिटल पहचान पत्र जिला कोषालय से प्राप्त होने लगा है। जिला कोषालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिनको जिला कोषालय से डिजिटल प्रमाण पत्र जारी किया गया है, उनमें आरएन ताटी, शिव कुमार मिश्रा, नाशालता मिश्रा, आनंद सिंह ठाकुर, रजीत सिंह सहगल, रवींद्र देवांगन, डी पन्ना राव, के नागेश, मुनि महेश वारी, इंद्राणी नंदी, दामिनी कुरेटी, प्राची देवी यादव एवं दिनेश कुमार मन शामिल हैं। भारतीय राज्य नर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने डिजिटल पहचान पत्र बनाने में संगठन को मिली सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर बस्तर हरीश एस, जिला कोषालय अधिकारी अनिल कुमार पाठक, शाखा प्रभारी संजीत कश्यप एवं जिला कोषालय के पूरे टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शराब घोटालाः आबकारी उपनिरीक्षक सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा 02 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बचेली विदेशी मदिरा दुकान में बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ी का खुलासा करते हुए पुलिस ने 1 करोड़ 52 लाख 47 हजार 774 रुपये के गबन के मामले में पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दुकान प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अजय शर्मा भी शामिल हैं। जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, सीएमएमसीएल ने 26 नवंबर 2025 को थाना बचेली में शिकायत दर्ज कराई थी।

### लाखों का मक्का लेकर भागने वाला ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

**जगदलपुर 02 दिसंबर।** भानपुरी थानांतर्गत सालेमेटा निवासी किसान हरदेव बघेल से धोखाधड़ी कर 33 टन मक्का गायब करने वाले ट्रक चालक को पुलिस ने आंध्रप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी रहिमन हमन टीकमदास ने मक्का को बेचकर लाखों रुपए की ठगी की थी। थाना प्रभारी हर्ष कुमार धुरंधर के अनुसार 25 नवंबर को किसान हरदेव बघेल का 33 टन मक्का ट्रक क्रमांक सीजी 08,स्न 6611 में लोड होकर आरोपी ने अपने झांसे में लेकर आंध्रप्रदेश के एमएच ट्रेडर्स में बेच दिया था। जांच में पता चला कि आरोपी ने मक्का को पहले बोरिगांव (ओडिशा) में बेच दिया। इसके बाद वहीं से दोबारा लोड कर परमेश्वरी बायोटेक, देवरपल्ली (आंध्रप्रदेश) में तारा ट्रेडर्स के नाम से झूठा परिचय देकर माल बेच दिया। मक्का की कुल कीमत 6 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को आंध्रप्रदेश से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पूरा 33 टन मक्क तथा ट्रक को जप्त कर लिया है। साथ ही आरोपी के बैंक खातों को भी ब्लॉक् कर दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी के अदालत में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# अटल परिसर लालबाग, शहीद स्मारक, नेहरू मेमोरियल का निरीक्षण कर महापौर ने अधिकारियों से कहा-गुणवत्ता सुनिश्चित करें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 02 दिसंबर।** सोमवार को नगर निगम एमआईसी सदस्य, आयुक्त व तकनीकी टीम के साथ महापौर संजय पाण्डे निर्माणाधीन अटल परिसर पहुंचे । परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 6 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित की जानी है। आगामी अनावरण कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के तकनीकी अमले को सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने तथा निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान महापौर संजय पाण्डे नगर निगम टीम के साथ लालबाग स्थित शहीद स्मारक एवं नेहरू मेमोरियल भी पहुंचे। दोनों स्थलों पर चल रहे जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि शहीदों की स्मृति को समर्पित इन पावन स्थलों के पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाए तथा कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, योगेंद्र पांडे, संजय विश्वकर्मा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, इंजीनियर दीपांशु देवांगन, अमर सिंह, प्रवीण पोयाम सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। संजय पांडे ने कहा शहीदों की स्मृति को समर्पित स्थलों का विकास हमारी प्राथमिकता है। अटल परिसर में अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा लगाई जाएगी। शहीद स्मारक और नेहरू मेमोरियल न केवल हमारी विरासत हैं, बल्कि नागरिकों की भावनाओं से भी जुड़े हुए हैं। इसलिए यहां होने वाले सभी कार्य समयबद्ध, पारदर्शी और पूर्णतः गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। नगर निगम का अमला इसमें लगा हुआ है। जल्द ही अटल परिसर का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों के हाथों किया जाएगा। आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा नगर निगम द्वारा सभी विकास एवं जीर्णोद्धार कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण किया जा रहा है। अटल परिसर और शहीद स्मारक जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर गुणवत्ता सर्वोपरि है। तकनीकी टीम को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि सभी परियोजनाएँ समय पर और उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ पूरी हों।

दूरस्थ गांवों को मिलेगी नई जीवन रेखा

# बस्तर के दुर्गम क्षेत्रों में 240 करोड़ की लागत से बनेंगी 87 नई सड़कें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 02 दिसंबर।** बस्तर अपनी घनी वन सम्पदा और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अक्सर आवागमन की चुनौतियों का सामना करता रहा है, जहां सैकड़ों बसाहटें मुख्यधारा से कटी हुई थीं। इन विषम परिस्थितियों के बावजूद केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनातंर्गत जिले के अंदरूनी बसाहटों को बारहमासी आवागमन सुविधा से जोड़ने के लिए डामरीकृत पक्की सड़कों का निर्माण लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में अभी हाल ही में भारत सरकार से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनातंर्गत फैज-4 के तहत जिले में 240 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से 87 नई सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इन सड़कों की कुल लंबाई करीब 237 किलोमीटर है, जो बस्तर के ग्रामीण और दूरस्थ निवासियों के लिए एक वास्तविक जीवनरेखा साबित होंगी। यह परियोजना केवल सड़कों का निर्माण नहीं, बल्कि उन विरल आबादी वाले क्षेत्रों तक विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने का एक मजबूत प्रयास है।

पीएमजीएसवाय के अंतर्गत स्वीकृत इन सड़कों में कई ऐसी हैं जो विशेष रूप से दुर्गम क्षेत्रों को जोड़ती हैं। इनमें प्रमुख हैं जगदलपुर विकासखण्ड की तिरिया से पुलचा तक की 14.40 किलोमीटर लंबी सड़क और लोहण्डीगुडा विकासखण्ड की बारसूर पल्ली रोड से कचेनार तक 7.50 किलोमीटर की कनेक्टिविटी, जो स्थानीय निवासियों के लिए बाजार, स्कूल, अस्पताल और सरकारी कार्यालयों तक पहुंचना आसान बनाएगी। सबसे चुनौतीपूर्ण माने जाने वाले दरभा विकासखण्ड में, दरभा कोलेंग रोड से खासपारा ककालगुर, लेण्ड्रा अटल चैक से भाटागुडा जैसे महत्वपूर्ण पड़ावों को जोड़ने वाली सड़क तथा पुराने ग्राम पंचायत से पडिया आठगांव एवं कुरेंगापारा रोड से जालाघाटपारा व्हाया चालकीपारा तक की सड़कें भी शामिल हैं। ये सभी नाम उन बसाहटों के हैं जहां बेहतर कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक थी।

इस परियोजना के तहत बकावंड और लोहांडीगुड़ा जैसे विकासखंडों में सर्वाधिक 50 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कें स्वीकृत की गई हैं। कुल 87 सड़कों का यह विशाल नेटवर्क बस्तर के लोगों को न केवल सुगम आवागमन प्रदान करेगा, बल्कि विषम परिस्थितियों में रहने वाले प्रत्येक ग्रामीण तक शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचना भी सुनिश्चित करेगा। यह स्वीकृति बस्तर के समग्र सामाजिक-आर्थिक उत्थान की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

# नई गाइड लाइन के असर से प्रापर्टी की खरीदी-बिक्री हुई प्रभावित

■ जमीन के बाजार दरों में बढ़ोतरी पर भड़का गुस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 02 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में जमीन खरीदी-बिक्री के बाजार दरों में की गई भारी बढ़ोतरी के बाद बस्तर में नाराजगी तेजी से बढ़ती जा रही है। कारोबारियों ने सरकार से मांग की है कि बढ़ी हुई दरों को वापस लिया जाए, ताकि रियल एस्टेट बाजार फिर से पटरी पर आ सके और मध्यम तथा निम्न वर्ग के परिवार आर्थिक दबाव से बच सकें। इस संबंध में कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। प्रापर्टी की कीम्मत बढ़ाए जाने के फैसले पर कारोबारियों और आम नागरिकों का कहना है कि नई गाइडलाइन ने संपत्ति की खरीद-फरोख्त को और महंगा बना दिया है, जिससे जनता की परेशानी बढ़ गई हैइधर विपक्षी पार्टियों को भी सरकार को घेरने का बड़ा मुद्दा मिल गया है, जिसे लेकर वे लगातार सरकार पर हमलावर है। जमीन के' बाजार दरों में हुई बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों ने भी मोर्चा खोल दिया है। विपक्ष का कहना है कि सरकार का यह फैसला आम जनता की पहुंच से जमीन को और दूर कर देगा। इसके विरोध में विभिन्न दलों द्वारा ज्ञापन सौंपने, विरोध प्रदर्शन और प्रेस कॉन्फ्रेंस का दौर जारी है। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया है कि सरकार बिना जनहित को ध्यान में रखे नीतिगत फैसले ले रही है, जिससे मध्यम और निम्न वर्ग पर सीधा रहे हैं। आर्थिक दबाव बढ़ेगा। वहीं सत्ता पक्ष के नेता इस मुद्दे पर कुछ कहने से बच रहे हैं। नए दरों के लागू होने से उप-पंजीयक कार्यालय में कामकाज लगभग ठप हो गया है। जहाँ पहले प्रतिदिन 20 से 30 रजिस्ट्री होती थीं, अब यह संख्या घटकर सिर्फ2 से 3 रह गई है। कार्यालय में पहले जहाँ काफी चहल-पहल रहती थी, अब वहाँ सन्नाटा पसरा रहता है। रजिस्ट्री करवाने यहां पर नंबर लगाना पड़ता था, पर अब केवल एक-दो लोग ही दिन भी पहुंच पा रहे हैं। एक तरफ जहां रजिस्ट्री की कमी से राजस्व प्राप्ति में भी गिरावट आना तय है।

# कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान में राशि गबन करने वालों को बचेली पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बचेली 02 दिसंबर।** संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 26.11.2025 को जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. के द्वारा जांच रिपोर्ट आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 25.11.2025 को विदेशी कंपोजिट मदिरा दुकान, बचेली का आकस्मिक निरीक्षण करने पर स्टॉक/केश शार्टेज राशि 15247774/- पाये जाने से मुख्य विक्रयकर्ता/विक्रयकर्ताओं एवं दुकान प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक के द्वारा उक्त राशि को हेराफेरी कर गबन करने की रिपोर्ट पर थाना बचेली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया जो श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गौरव राय जिला दंतेवाड़ा के दिशा-निर्देशानुसार, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उदित पुष्कर, श्री रामकुमार बर्मन दंतेवाड़ा तथा श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री कपिल चंद्रा किरन्दुल एवं श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक श्री नसर सिद्दीकी, दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में प्रकरण के आरोपियो का शीघ्र गिरफ्तार कर हेरा फेरी कर गबन किये हुई राशि को बरामद करने दिशा निर्देश प्राप्त होने पर थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में विवेचना दौरान आरोपीगणो को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथनानुसार आरोपीगणो से मोबाईल, बैंक पासबुक एवं लेपटॉप जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपीगणो के विरूद्ध कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान बचेली से अधिक पैसा कमाने के लालच में माह अप्रैल 2024 से शराब ब्रिकी की राशि को अपने-अपने क्यूआर, फोन पे, गुगल पे के माध्यम से डलवाकर तथा स्टॉफ पंजी में राशि बढ़ा चढ़ाकर एन्ट्री कर कुल 15247774/- रूपये का हेराफेरी कर राशि गबन करना पाये जाने से दिनांक 28.11.2025 एवं दिनांक 29.11.2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय प्रथम श्रेणी न्यायालय बचेली से पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया था जो आज दिनांक 01.12.2025 को आरोपीगणो को माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय प्रथम श्रेणी न्यायालय बचेली के समक्ष पेश कर सभी आरोपीगणो को न्यायिक रिमांड जिला जेल दंतेवाड़ा भेजी गई है।

## समाचार संक्षेप

### अधूरे पुल निर्माण को लेकर पुर्व पालिका उपाध्यक्ष उस्मान खान के नेतृत्व में नगरवासियों ने किया चक्का जाम



**बचेली 02 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुराना मार्केट स्थित शिव मंदिर के समीप अधूरे पड़े पुल के निर्माण कार्य में प्रशासनिक लापरवाही को लेकर आज बचेली में स्थानीय नागरिकों ने पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष उस्मान खान, पार्षद गुड्डा साव, बालाजी डाकूआ, राजन, ब्रह्मा सुनानी, जलंधर, के नेतृत्व में चक्का जाम कर विरोध दर्ज कराया। विदित हो कि यह पुल पिछले लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे लगातार दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पूर्व उपाध्यक्ष ने इस मामले में यूएनए चैनल के माध्यम से प्रशासन को पहले ही चेतावनी दी थी, लेकिन किसी भी ठोस कार्रवाई के अभाव में आज नागरिकों ने सड़क जाम कर अपना आक्रोश जताया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन, तहसीलदार और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर पहुँचे और स्थिति का संज्ञान लिया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पुल का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। साथ ही त्वरित कार्रवाई करते हुए पुल के ऊपर बने बड़े गड्ढे को तुरंत भरने के निर्देश भी टीम को दिए गए। अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद नागरिकों ने चक्का जाम समाप्त किया और यातायात को पुनः बहाल किया गया।

### फसल बीमा में 22 लाख का गबन

#### कृषि अधिकारी और दो साथियों पर एफआईआर दर्ज

**जगदलपुर 02 दिसंबर।** बस्तर जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों के नाम पर जारी राशि में करोड़ों की गड़बड़ियों के बीच एक बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। बास्तानार ब्लॉक के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मुन्ना लाल बघेल ने अपने दो सहयोगियों गिरीश चंद्र सेठिया और अनिल सेठिया के साथ मिलकर किसानों के 22 लाख 53 हजार रुपए गबन कर लिए। यह घटना कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाती है। जांच में पाया गया कि आरोपी कृषि अधिकारी और उसके, सहयोगियों ने किसानों के हस्ताक्षर जाली बनाकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और इन्हें निजी बीमा कंपनी को भेजा। इन्हीं जालसाजियों के आधार पर बीमा दावे पास हुए और 22 लाख से अधिक राशि स्वीकृत कर दी गई। किसानों को इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी तक नहीं दी गई। नवंबर में जब उनके खातों में पैसा पहुँचा, तो तीनों आरोपियों ने उन्हें डराकर और गुमराह कर, रकम को कैश और ऑनलाइन माध्यम से अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिया। धोखाधड़ी की भनक तब लगी जब प्रभावित किसानों ने लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद विभागीय जांच शुरू हुई, जिसमें आरोप साबित पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर बुरगुम थाना पुलिस ने कृषि विस्तार अधिकारी और उसके दोनों साथियों के खिलाफबीएनएस की धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

पूरी बीमा राशि अपने कब्जे में लेने के बाद तीनों आरोपी बड़ी सफाई से मामले को दबाने की कोशिश कर रहे थे। विभागीय पुष्टि के बाव अब पुलिस इस गबन कांड की गहराई से जांच में जुट गई है। महेश्वर नाग, एएसपी बस्तर ने बताया कुल गबन की गई राशि 22 लाख 53 हजार रुपए है। आरोपी अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। इस मामले में जांच अधिकारी एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि कुल गबन की गई राशि 22 लाख 53 हजार रुपए है। आरोपी अधिकारियों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। यह घटना कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाती है।

### चलित थाना के जरिए जन संवाद अभियान चलाकर, 100 से ज्यादा नक्सल प्रभावित गांवों में पहुंची पुलिस

**बीजापुर, 02 दिसंबर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों के खात्मे की कगार में पंहुचने के साथ ही शासन, प्रशासन, पुलिस एवं सुरक्षाबल के जवान चलित थाना के जरिए जन संवाद अभियान चलाकर बीजापुर जिले में बाकी बचे नक्सलियों को आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ने की अपील कर रहे हैं। बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्रों के नक्सल प्रभावित गांवों में पुलिस पहुंचकर जवान चलित थाना के जरिए जन संवाद अभियान के माध्यम से ग्रामीणों से बातकर उनको सरकार की योजनाओं के बारे में बता रही है। बीजापुर एससपी जितेन्द्र यादव ने बताया कि चलित थाना के जरिए जन संवाद अभियान के दौरान ग्रामीणों से सीधे सम्पर्क कर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं। जिससे सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे सतत जन-संवाद अभियान से ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर विश्वास मजबूत हो रहा है, समाज में शांति एवं विकास का वातावरण और ज्यादा प्रबल हो रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीजापुर में 100 से ज्यादा गांवों में पुलिस द्वारा जनसंवाद अभियान चलाया जा रहा है। बीजापुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा चलित थाना के जरिए जन संवाद अभियान के दौरान जवान ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं विस्तार से सुनने तथा तत्काल समाधान योग्य मामलों पर मौके पर ही उसका निराकरण करने का प्रयास किय जा रहा है। इसके साथ ही आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति की जानकारी देते हुए सुरक्षाबलों द्वारा जिले में सक्रिय नक्सलियों के परिवार एवं रिश्तेदारों को हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि योजनाबद्ध पुनर्वास और रोजगार सुविधाओं के माध्यम से समर्पित सदस्यों को सुरक्षित जीवन, शिक्षा व आजीविका का अवसर मिलने की जानकारी दी जा रही है। जन-सुरक्षा के दृष्टिकोण से जंगलों और रास्तों पर संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या गतिविधि दिखने पर तत्काल सूचना देने की अपील की गई की जा रही है। चलित थाना के माध्यम से ग्रामीणों की शिकायतें दर्ज कर त्वरित निराकरण के प्रयास किया जा रहा है।

भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक

# एनएमडीसी ने नवंबर में सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**हैदराबाद, 02 दिसंबर।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने नवंबर 2025 और इस वित्तीय वर्ष का अब तक का मजबूत प्रचालन प्रदर्शन दर्ज किया, जो स्थापना के बाद इस माह और अप्रैल-नवंबर अवधि, दोनों के लिए, अब तक के उच्चतम उत्पादन और बिक्री के आंकड़े दर्शाते हैं। ये मजबूत आँकड़े वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वॉल्यूम में निरंतर वृद्धि, प्रचालन प्रबंध और आपूर्ति-श्रृंखला की मजबूती को दर्शाती है। नवंबर 2025 को समाप्त माह के लिए, एनएमडीसी ने रिकार्ड स्तर पर किसी भी नवंबर माह के लिए अपना अबतक का सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन दर्ज किया, जिसमें उत्पादन बढ़कर 5.01 मिलियन टन हो गया, जो नवंबर 2024 में 4.51 मिलियन टन से वर्ष-दर-वर्ष 11% अधिक है, और बिक्री 4.17 मिलियन टन तक पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में 4.0 मिलियन टन से 4% अधिक है। उत्पादन भी मासिक लक्ष्य से 1% अधिक हुआ, जो कि खनन क्षमता के कुशल उपयोग और कंपनी की परिसंपत्तियों के उन्नत प्रचालन प्रबंध को दर्शाता है। एनएमडीसी ने वित्तवर्ष 26 में मजबूत प्रचालन बनाए रखा, जिसमें उत्पादन बढ़कर 31.48 मिलियन टन हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 26.06 मिलियन टन से 21% अधिक है और अप्रैल-नवंबर उत्पादन में रिकार्ड बनाया, जबकि बिक्री 30.28 मिलियन टन तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 25 में इसी अवधि के दौरान 27.84 मिलियन टन से 9त्न अधिक है। श्री अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी ने इस प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहाः "नवंबर माह और इस वर्ष अबतक एनएमडीसी का प्रदर्शन दृढ़ प्रचालन प्रबंध और मजबूत निष्पादन को दर्शाता है। दक्षता में सुधार और उच्च-गुणवत्ता वाले लौह अयस्क की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करके, हम अपने हितधारकों को निरंतर मूल्य-संवर्धन प्रदान करते हुए भारत के इस्पात क्षेत्र का समर्थन जारी रखते हैं। इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी की सभी तीन उत्पादन इकाइयों ने सामूहिक रूप से रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया है। इस्पात मंत्रालय के तहत एक नवरत्न सीपीएसई के रूप में, एनएमडीसी एक मजबूत रणनीतिक दृष्टिकोण बनाए रखता है, जो स्थिर घरेलू मांग और खनन उत्पादकता एवं लागत प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने के लिए की जा रही पहलों द्वारा समर्थित है।

# मानिटरिंग के चलते 56 प्रकरणों में 8 हजार क्विंटल से ज्यादा धान जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़, 2 दिसम्बर।** जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़े पैमाने पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर चल रही सतत मॉनिटरिंग के परिणाम स्वरूप अब तक 56 प्रकरणों में 8,000 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है, जिससे शासन को लगभग 2.50 करोड़ रुपये की आर्थिक हानि को रोका जा सका है।

अवैध धान के अंतर्राज्यीय एवं आंतरिक परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिले में बनाए गए 25 चेकपोस्टों पर 24x7 निगरानी रखी जा रही है। भुईयापाली, बेलरिया, लारा, रेंगालपाली, तोलमा, हाटी, गोलाबुड़ा, टांगरघाट, बिजना, उर्दना, पलगढ़ा, भालूनारा, बाकारूमा और रीलो सहित सभी चेकपोस्टों पर तैनात टीमें सतत चेकिंग कर रही हैं। अनुविभागीय स्तर पर भी विशेष टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। जंगल और वैकल्पिक मार्गों को भी सील कर दिया गया है, जिससे अवैध आवाजाही पर प्रभावी रोक लगी है। कलेक्टर ने साफ कहा है कि अवैध धान भंडारण व परिवहन में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

दो दिनों में 9 प्रकरण में 17 लाख रुपए से अधिक के 564 क्विंटल धान जब्तअपर कलेक्टर एवं धान खरीदी के नोडल अधिकारी श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने बताया कि 29 तथा 30 नवंबर को की गई कार्रवाई में राजस्व, मंडी एवं प्रशासनिक टीमों ने विभिन्न ग्रामों में औचक निरीक्षण कर 9 प्रकरणों में कुल 564 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया। इनमें ग्राम लोइंग में सुरेश गुप्ता के यहां 80 क्विंटल, ग्राम छुहीपाली में सुखदेव पटेल के यहां 27.60 क्विंटल, ग्राम लारा के विष्णु चरण के यहां 24 क्विंटल, ग्राम कोड़पाली के रोहित बारिक के यहां 8 क्विंटल, ग्राम भकुर्रा की श्रीमती विमला यादव के यहां 22 क्विंटल, ग्राम पलगढ़ा के अशोक गवेल के वाहन में 28 क्विंटल, खरसिया के अनिश अग्रवाल के गोदाम में 160 क्विंटल, ग्राम कांदागढ़ के राजू के यहां 60 क्विंटल और ग्राम नवापारा-माण्ड में कुमार साहू के यहां 154.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। सभी मामलों में छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

### धान खरीदी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिले में 105 उपार्जन केंद्र संचालित हैं, जिनमें से 15 केंद्र संवेदनशील तथा 4 केंद्र अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। सभी केंद्रों में चेकलिस्ट के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर सक्रिय किया गया है। कॉल सेंटर द्वारा धान के उठाव, परिवहन और रीसाइक्लिंग पर सतत निगरानी की जा रही है। शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 जारी है।

### जिला स्तरीय जांच समिति गठित

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने धान खरीदी में पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय जांच समिति गठित की है। इसमें अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा, खाद्य अधिकारी श्री चितरंजन सिंह, जिला विपणन अधिकारी कु. जान्हवी जिलहरे, उप आयुक्त सहकारिता श्री व्यास नारायण साहू, नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक श्री एस. नारायण, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री एस.पी. सिंह शामिल हैं।

# अवैध धान परिवहन रोकने कलेक्टर ने राजस्व व पुलिस को वाहनों की जांच करने के दिए निर्देश



**धमतरी, 2 दिसंबर ।** धमतरी जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। को ग्राम खपरी-जोरातराई से छाती की ओर ले जाये जा रहे लगभग 168 कट्टा (68.20 क्विंटल) धान कोचिया धनेश्वर सिंह पिता रामचंद सिंह, निवासी सेमरा (सि.), सिलौटी द्वारा किसानों से अवैध रूप से खरीदा गया पाया गया। धान से भरे ट्रैक्टर को मौके पर रोककर जांच की गई, जिसमें कोचिये द्वारा किसी भी प्रकार का अनुमति पत्र अथवा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

जिला प्रशासन के निर्देशों के तहत मंडी शुल्क एवं वैधता की जांच के लिए वाहन तथा धान को मंडी नियमों के तहत जब्त किया गया। ट्रैक्टर क्रमांक ष्ट07 ङ्ग 4029 को भखारा थाना परिसर लाया गया। प्रारंभ में कोचिया द्वारा वाहन को थाना भखारा की अभिरक्षा में रखने की बात कही गई, परंतु बाद में उन्होंने इसे मंडी परिसर कुरूद में रखने का अनुरोध किया। मौके पर उपस्थित पंचों के समक्ष विधिवत पंचनामा तैयार किया गया, जिसे सभी के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। इस संबंध में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध धान खरीदी, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को पारदर्शी बनाने के लिए अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों, राजस्व एवं पुलिस दलों को सतत पेट्रोलिंग करने और संदिग्ध वाहनों की जांच अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं जिला प्रशासन ने किसानों से भी अपील की है कि वे अपना धान केवल अधिकृत समितियों को ही बेचें और किसी भी अवैध खरीद- फरोख्त की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

### मध्यान्ह भोजन रसोइयों का फॉस्टेक प्रशिक्षण 10 दिसंबर तक

**धमतरी, 2 दिसंबर ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से धमतरी जिले के लगभग 1132 स्कूलों में कार्यरत मध्यान्ह भोजन रसोइयों के लिए फॉस्टेक प्रशिक्षण 1 से 10 दिसंबर 2025 तक ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली से अधिकृत प्रशिक्षक धमतरी पहुंचे हैं।प्रशिक्षण में रसोइयों को मध्यान्ह भोजन के निर्माण एवं परोसने के दौरान अपनाई जाने वाली खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता प्रक्रियाओं, तथा खाद्य विषाक्तता (फूड प्वाइजनिंग) से बचाव संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही भोजन पकाते समय पोषक तत्वों को सुरक्षित रखने की तकनीकें ऑडियो-वीडियो माध्यम से प्रदर्शित की गईं।

## एक नजर

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने 9 खाद्य कारोबारियों को नोटिस जारी किया

**महासमुंद 2 दिसम्बर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अभिहित अधिकारी उमेश वर्मा के मार्गदर्शन में आज महासमुंद शहर में खाद्य सुरक्षा निरीक्षण अभियान चलाया गया।अभियान के तहत शहर के विभिन्न होटलों, भोजनालयों, खाद्य विक्रय केंद्रों, ठेलों एवं खोमचों में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, परिसर की स्वच्छता तथा व्यक्तिगत स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही खाद्य सामग्री के परोसने या पैक करने में अखबारी कागज के उपयोग को हतोत्साहित करते हुए खाद्य कारोबारियों को नियमों का पालन करने समझाइश दी गई। जांच के दौरान अनेक प्रतिष्ठानों में उपरोक्त बिंदुओं का समुचित पालन नहीं पाए जाने पर कुल 09 खाद्य कारोबारियों को सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया है। सभी को 07 दिवस के भीतर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।अभिहित अधिकारी श्री उमेश वर्मा ने बताया कि निर्धारित समय सीमा में सुधार नहीं करने की स्थिति में संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आगामी दिनों में जिले के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे निरीक्षण अभियान निरंतर रूप से संचालित किए जाएंगे ताकि नागरिकों को सुरक्षित एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

### विश्व एड्स दिवस पर जिला चिकित्सालय में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**धमतरी, 2 दिसंबर ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू.एल. कौशिक के निर्देशानुसार और सिविल सर्जन डॉ ए के टोंडर तथा नोडल अधिकारी डॉ आदित्य सिन्हा के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आज जिला चिकित्सालय धमतरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ कौशिक द्वारा एचआईवी-एड्स से प्रभावित लोगो से भेदभाव दूर करने हेतु उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया गया और जागरूकता संदेश दिया गया। इसके बाद जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर, फ्लोरेंस, रिलायंस नर्सिंग कालेज के लगभग 60 छात्राओं द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।यह रैली शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए अस्पताल प्रांगण मे सम्पन्न हुआ। आईसीटीसी काउंसलर समीर मसीह द्वारा जानकारी दिया गया की इस पखवाड़ा मे लगातार स्कूलों एवं कालेजो मे सघन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा। कार्यक्रम मे डा. प्रिया कंवर, गुरूशरण साहु सहित सहभागी समाजसेवी संस्था उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत सभा कक्ष में फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की गई



**रायगढ़, 2 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर आज जिला पंचायत सभा कक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत पठारे की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सभी फ्लैगशिप स्कीम योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएम आवास, मनरेगा, एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन तथा आरसीए सहित विभिन्न योजनाओं की जनपदवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री अक्षय डोसी सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।सीईओ जिला पंचायत श्री पठारे ने जिन क्षेत्रों में प्रगति धीमी पाई गई है, उन विभागों को आगामी सप्ताह के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर त्वरित गति से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

### जिला कलेक्टोरेट में बायोमेट्रिक अटेंडेंस व्यवस्था लागू

**रायगढ़, 2 दिसम्बर।** जिला कलेक्टोरेट रायगढ़ में प्रशासनिक पारदर्शिता और समय पालन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आज से बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था आधिकारिक रूप से लागू कर दी गई। सुबह 10 बजे कलेक्टोरेट परिसर के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी थंब इंप्रेशन और फेस रीडिंग के माध्यम से अपने-अपने कार्यालयों में प्रवेश करते नजर आए। मुख्य गेट के सामने और पीछे दोनों स्थानों पर अत्याधुनिक बायोमेट्रिक डिवाइस स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। डिवाइस क्रमांक-1 मुख्य गेट सामने में जिला प्रशासन राजस्व एवं स्थापना, आदिवासी विकास, श्रम तथा खनिज विभाग एनरोल किए गए हैं।

# जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 5-6 दिसंबर को घरघोड़ा में

**रायगढ़, 2 दिसम्बर।** रायगढ़ जिले में खेल भावना और युवा ऊर्जा को नया आयाम देने जा रहे जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव की तैयारियाँ अब अंतिम चरण में हैं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आयोजन की व्यापक तैयारियों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंप दिए हैं तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को शीघ्रतापूर्वक मूर्त रूप देने के निर्देश जारी किए हैं।

जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 05 से 06 दिसम्बर 2025 तक विकासखण्ड घरघोड़ा के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय मैदान एवं क्रिकेट मैदान में भव्य स्वरूप में किया जा रहा है। जिलेभर की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने, प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण विकसित करने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह महोत्सव रायगढ़ जिले के प्रमुख खेल आयोजनों में शामिल हो गया है।

इस दो दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत 05 दिसम्बर को महिला वर्ग तथा 06 दिसम्बर को पुरुष वर्ग की खेल प्रतियोगिताएँ होंगी। जिले के सभी विकासखण्डों से आई महिला एवं पुरुष खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन में लगभग 1200 प्रतिभागियोंकृखिलाड़ियों, ऑफिसियल्स, निर्णायकों एवं सहयोगी दलों की सहभागिता अपेक्षित है, जिससे खेल मैदानों पर उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिलेगा।आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों के ठहराव, भोजन, सुरक्षा, खेल सामग्री, चिकित्सा सुविधा तथा प्रतियोगिताओं के संचालन की सभी आवश्यक तैयारियाँ प्रगति पर हैं। कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक व्यवस्था को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर बल दिया जा रहा है, ताकि प्रतियोगिताएँ निष्पक्ष, सुरक्षित तथा उत्साहजनक वातावरण में सम्पन्न हो सकें। जिले का घरघोड़ा क्षेत्र आगामी 5 और 6 दिसम्बर को खेल प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है, जहां उभरती खेल प्रतिभाएँ अपनी क्षमता और कौशल से जिले का गौरव बढ़ाएंगी।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर जिले में होंगे विविध कार्यक्रम

**रायगढ़, 2 दिसम्बर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर इस वर्ष भी 2 एवं 3 दिसम्बर को जिले में विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य दिव्यांगजनों की खेल-कूद एवं सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच उपलब्ध कराना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा समाज में समावेशिता की भावना को सुदृढ़ करना है।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री शिवशंकर पांडेय ने बताया कि 2 दिसम्बर को किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ के लाल मैदान में प्रातः 9 बजे से दिव्यांगजनों हेतु विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। आयोजन में मटका फोड़, नींबू-चम्मच दौड़, बुक बैलेंसिंग, जलेबी दौड़, बकेट बॉल, गोला फेंक, ऊँची कूद, लम्बी कूद, कुर्सी दौड़, लम्बी दौड़ एवं थ्रो बॉल जैसी रोचक प्रतियोगिताएं शामिल की गई हैं। इसी तरह 3 दिसम्बर को पॉलीटेक्निक ऑडिटोरियम हॉल में प्रातः 11 बजे से दिव्यांगजनों की कला, संस्कृति और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें गीत-संगीत, गायन-वादन, नृत्य और एकांकी नाटक जैसे विविध मंचीय कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। दो दिवसीय आयोजन के अंतर्गत खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

# धमतरी में दो मिलों से भारी मात्रा में धान-चावल जब्त



**धमतरी, 2 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान उपार्जन 15 नवंबर से सुचारू रूप से प्रारंभ हो चुका है। किसानों को उचित मूल्य एवं सुरक्षित खरीदी सुनिश्चित करने के लिए जिले में विभिन्न स्तरों पर प्रभावी निगरानी तंत्र सक्रिय किया गया है।

इसी क्रम में रविवार को कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर धमतरी जिले में प्रशासन द्वारा निर्णायक कार्रवाई की गई है।कार्यवाही के दौरान जांच दलकृजिसमें राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल थेकृद्वारा दो राइस मिलों से अवैध रूप से रखे गए धान एवं चावल को जप्त किया गया। फूल मिनी राइस मिल, ग्राम सोरम से 6000 क्विंटल धान एवं 1910 क्विंटल चावल, तथा अशोक राइस मिल, औद्योगिक वार्ड से 16856 क्विंटल धान एवं 8150 क्विंटल चावल जप्त किया गया। यह कार्रवाई राज्य सरकार के नियमों के सख्त पालन और किसानों के हितों को सर्वोपरि रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा का सख्त संदेश है कि जिला प्रशासन किसानों की उपज की सुरक्षा और उन्हें उचित समर्थन मूल्य दिलाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। अवैध खरीदी, धान परिवहन, कोचियों एवं विचौलियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। इसके लिए उड़नदस्ता टीम गठित की गई है तथा जिले की सीमाओं पर चेक पोस्ट भी सक्रिय किए गए हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केंद्रों में सुविधाओं को बेहतर किया गया है, किसानों के लिए टोकन व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया है और भंडारण एवं तौल व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। प्रशासन का लक्ष्य है कि हर किसान को बिना किसी परेशानी के अपना धान बेचने का अवसर मिले। सरकार एवं जिला प्रशासन की यह सतर्कता प्रदेश में निष्पक्ष, सुरक्षित और पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था को मजबूत कर रही है और किसानों में भरोसा भी बढ़ा रही है।

### जिले में अवैध धान परिवहन व भंडारण पर प्रशासन की कड़ी कार्रवाई जारी

**महासमुंद 2 दिसम्बर ।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। इसके साथ ही अवैध धान परिवहन, संग्रहण और विक्रय पर रोक लगाने जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देश पर राजस्व, मंडी, खाद्य एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें जांच चौकियों, राइस मिलों और उपार्जन केंद्रों में लगातार छापेमारी कर रही हैं। राइस मिलों में भी स्टॉक वेरिफिकेशन का कार्य निरंतर रूप से जारी है।

# कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं,अधिकारियों को कार्रवाई के दिए निर्देश



**रायगढ़, 2 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रत्येक सोमवार को जिला कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के समक्ष प्रस्तुत कीं। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार, पारदर्शी और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम रेगड़ा के लक्ष्मी प्रसाद यादव ने निराश्रित पेंशन बंद होने की समस्या रखते हुए बताया कि उन्हें पिछले दो-तीन वर्षों से नियमित रूप से पेंशन मिल रही थी, लेकिन हाल ही में राशि आना बंद हो गई है, जिससे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह ग्राम धनागर के मदन पटेल ने क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने की मांग की। वहीं रायगढ़ जूटमिल निवासी दादुलाल यादव ने भूमि पट्टा बनवाने में आ रही समस्या से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान का आग्रह किया। तहसील खरसिया के ग्राम बिंजकोट निवासी बुद्धेश्वर प्रसाद राठिया ने रोजगार उपलब्ध कराने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि एसकेएस कंपनी द्वारा भू-अर्जन के दौरान उनकी भूमि अधिग्रहित कर ली गई थी, जिसके चलते रोजगार के अभाव में परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है।इसी तरह ग्राम बिंजकोट के अन्य ग्रामीण मोबाइल नेटवर्क की समस्या लेकर जनदर्शन पहुंचे। जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भूपदेवपुर के ग्रामीणों ने पंचायतों में विकास कार्यों हेतु 15वें वित्त की राशि जारी किए जाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि राशि उपलब्ध न होने के कारण भूमि समतलीकरण, बाड़ी विकास सहित अन्य कार्य रुके पड़े हैं। रायगढ़ के महेश राम चौहान ने अपने घर में शौचालय निर्माण की मांग रखी। इसके अलावा जनदर्शन में आए अन्य नागरिकों ने राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, दिव्यांग पेंशन सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए आमजन को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

# काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी, गहरा चॉकलेटी रंग वर्जित, केवल साधारण स्वेटर की अनुमति

**रायगढ़, 2 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत आमीन भर्ती परीक्षा डब्ल्यूआरडी 2025 का आयोजन आगामी 7 दिसम्बर 2025 को समय 12.00 बजे से 2.15 तक आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा के लिए रायगढ़ जिले में 57 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें लगभग 16091 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में आबंटित एक पुरुष एवं एक महिला पुलिस कर्मी से फिस्किंग का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जायेगा। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के निर्देशों के अनुपालन में 15 स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए है। परीक्षार्थियों के लिए निम्नांकित निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

जारी दिशा निर्देशों के तहत परीक्षार्थियों को कहा गया है कि परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें,ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व पहुंचे ताकि उनका फिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आना होगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पाकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतार कर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ेगा तभी परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति दी गई है। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित किया गया है। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है ।

प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लें और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा के लिए व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड,आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य किया गया है। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है, तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो ले कर परीक्षा केंद्र लाना होगा। परीक्षार्थियों को अपने साथ परीक्षा कक्ष में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन को ही उत्तर अंकित करने के लिए उपयोग लाना होगा। चयन, प्रवेश के समय प्रवेश पत्र मांगा जाता है, इसलिए प्रवेश पत्र को सुरक्षित रखने होंगे।

# विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ्य विभाग जिले भर में व्यापक जागरूकता और रोकथाम अभियान चला रहा




**रायगढ़, 2 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य विभाग रायगढ़ द्वारा विश्व एड्स नियंत्रण दिवस मनाया गया। जिला अस्पताल परिसर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीएमएचओ डॉ. जगत ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व एड्स दिवस की थीम व्यवधानों पर विजय पाएं, एड्स की प्रतिक्रिया में सकारात्मक बदलाव लाएं के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग ने जिलेभर में व्यापक जागरूकता और रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है।

समुदाय आधारित सहभागिता, एचआईवी परीक्षण एवं निःशुल्क उपचार सुविधाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समय पर जांच, परामर्श और नियमित उपचार से एचआईवी संक्रमण को पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है और मरीज सामान्य जीवन जीते हैं। जिला अस्पताल व सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आईसीटीसी, 1097 कॉल सेंटर, वायरल लोड टेस्टिंग तथा काउंसलिंग सेवाएँ पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने सुरक्षित व्यवहार, जागरूकता और भेदभाव-रहित दृष्टिकोण को एड्स नियंत्रण की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।सीएमएचओ डॉ. जगत ने एचआईवी की रोकथाम हेतु सलाह देते हुए बताया कि असुरक्षित यौन संबंधों से बचें, एक ही सुरक्षित व निष्फलित सुई-सीरिंज का प्रयोग करें, रक्त चढ़ाने से पूर्व अनिवार्य जांच करवाएं। गर्भवती महिलाओं के लिए एचआईवी जांच आवश्यक है तथा किसी सर्वमित व्यक्ति के साथ सामान्य संपर्क जैसे खाना-पीना, छूना, साथ बैठने से एचआईवी नहीं फैलता है। उन्होंने कहा कि किसी भी लक्षण या जोखिम की स्थिति में निकटतम से परामर्श लें तथा एचआईवी प्रभावित व्यक्तियों के साथ संवेदनशील और भेदभाव रहित व्यवहार रखें। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. दिनेश पटेल, जिला एड्स नियंत्रण नोडल अधिकारी डॉ. जयाकुमारी चौधरी, डॉ. केनन डेनियल, डीपीएम सुश्री रंजना पैकरा, डॉ. पी.के. गुप्ता, डॉ. राजकुमार गुप्ता अस्थि रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मुस्तफा, डॉ. ज्योति एक्का, सोनाली मेश्राम सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम, नर्सिंग स्टाफ एवं जिला अस्पताल के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र में विश्व एड्स दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम

**महासमुंद 2 दिसम्बर ।** विश्व एड्स दिवस के अवसर में शासकीय जी.एन.एम. प्रशिक्षण केंद्र महासमुंद में सोमवार को जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नागेश्वर राव के निर्देशानुसार तथा नोडल अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर, डीपीएम नीलू घृतलहरे, डॉ. छत्रपाल चंद्राकर और डॉ. घनश्याम साहू के मार्गदर्शन में किया गया।इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम बाधाओं को दूर करना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना रही। इसी थीम को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम में एचआईवी/एड्स की रोकथाम, बचाव, उपचार और जागरूकता से जुड़ी विस्तृत जानकारी विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने एचआईवी संक्रमण के तरीकों, सुरक्षित व्यवहार, मिथक और वास्तविकताओं, तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं पर प्रकाश डाला।

## एक नजर

### किसानों को उपार्जन केंद्र में धान का वाजिब दाम मिल रहा

**रायपुर, 02 दिसंबर।** किसानों की महीनों की कठिन मेहनत ओर पसीने की कमाई अब उपार्जन केंद्रों में खुशियों के रूप में दिखाई दे रही है। खेत में बीज से लेकर बालियों के पकने तक लगभग चार से छः महिना की लगन और परिश्रम का प्रतिफल आज किसानों को उनके अनमोल मूल्य के रूप में मिल रहा है। इस सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी व्यवस्था से किसान संतुष्ट हैं, जिसकी झलक उनके मुस्कुराते चेहरों में साफदिखाई देती है। धान खरीदी प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त करते हुए श्री जयशंकर ने कहा कि सरकार द्वारा समय पर खरीदी, सुविधाजनक व्यवस्था और उचित मूल्य प्रदान किए जाने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। राज्य शासन द्वारा खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में भी धान को प्रति क्विंटल के मान से समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 3100 रुपये पर खरीदा जा रहा है। बलरामपुर जिले के ग्राम सेमली निवासी किसान श्री जयशंकर सिंह ने इस वर्ष अपनी मेहनत से 275 बोरी धान की उपज प्राप्त की है। उन्होंने बलरामपुर धान उपार्जन केंद्र में अपना धान बेचा। वे बताते हैं कि उनकी खेती में पत्नी तथा परिवार के सदस्यों का संयुक्त योगदान रहता है। उन्होंने बताया कि धान बेचने के बाद अब वे गेहूं की बुवाई की तैयारी में जुट गए हैं। धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति तथा खेती को और उन्नत बनाने में करेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार किसानों के कठिन परिश्रम का सम्मान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समर्थन मूल्य पर सुगम, पारदर्शी और सुविधाजनक धान खरीदी व्यवस्था ने किसानों में आत्मसंतोष का संचार किया है। शासन के दूरदर्शी पहल के कारण श्री जयशंकर जैसे अनगिनत किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटी है। कृषक श्री जयशंकर सिंह ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को आभार व्यक्त किया है।

### इस साल धान खरीदी केंद्रों में पहले से बेहतर व्यवस्था है:निर्मला

**रायपुर,02 दिसंबर।** निर्मला कहती हैं, इस साल धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्था पहले से बेहतर है। तौल सटीक है लाइन नहीं लगानी पड रही है, भीड़ भी नहीं होती। किसानों को इंतजार नहीं करना पड़ता, स्टाफसहयोगी है। व्यवस्था साफ और सुचारू रूप से संचालित है। किसानों को सम्मान मिल रहा है। यह बदलाव उनके लिए राहत जैसा है। उन्होंने कहा कि इसी से बेटी की पढ़ाई पूरी हुई। उनकी बेटी इंजीनियरिंग कर चुकी है और अब क्ष्स्ट की तैयारी कर रही है। ग्राम अछोटा की किसान निर्मला देवांगन सुबह-सुबह 60 क्विंटल धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुंचीं। चेहरे पर सुकून था। मन में अपनी बेटी के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीदें थीं। धान बेचकर मिलने वाली राशि उनके लिए सिर्फ आमदनी नहीं, बल्कि एक भरोसा है। इसी से वे घर का खर्च चलाती हैं। सरकार ने खरीदी की प्रक्रिया आसान बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उपार्जन केंद्रों में परछाई, पीने का पानी, तौल व्यवस्था और सुरक्षा की पूरी तैयारी है। किसानों की सुविधा को प्राथमिकता दी गई है। सबसे बड़ी राहत 'टोकन तुंहर दुवार' ऐप से मिली है। अब किसानों को घर बैठे टोकन मिल जाता है। समय तय होता है, भीड़ नहीं होती। समय और मेहनत दोनों बचते हैं। महिला किसानों के लिए यह सुविधा बेहद उपयोगी साबित हुई है। निर्मला देवांगन जैसे हजारों किसान इस व्यवस्था का लाभ ले रहे हैं। उनकी मेहनत सुरक्षित दाम पर बिक रही है। परिवार के सपने मजबूत हो रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका की जरूरतें पूरी हो रही हैं। धान खरीदी सिर्फ सरकारी प्रक्रिया नहीं। यह किसान परिवारों की उम्मीदों को नई दिशा देने वाली व्यवस्था है। अछोटा जैसी जगहों में यह व्यवस्था बदलाव की कहानी लिख रही है। निर्मला की मुस्कान उसी बदलाव का प्रमाण है।

### 8 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाएगा

**राजनांदगांव 02 दिसंबर।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसम्बर 2025 को सम्पूर्ण भारत में भारतीय सेनाओं के शहीदों के पुण्य स्मरण करने एवं उनके सम्मान में मनाया जाता है। इसके तहत जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव में 8 दिसम्बर 2025 को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का आयोजन किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा ने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर शहीद जवानों के परिवारों एवं जरूरतमंद भूतपूर्व सैनिकों की सहायता हेतु ध्वज वितरण कर धनराशि एकत्रित की जाएगी, एकत्रित राशि समामेलित विशेष निधि राज्य सैनिक बोर्ड के कोष में जमा कराई जाएगी।

# वायु प्रदूषण, गंदगी और सामाजिक स्वच्छता की अनदेखी से क्षेत्र के लोग परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता, नरेन्द्र शर्मा

**तिल्दा नेवरा 02 दिसंबर।** तेजी से विकसित होता यह औद्योगिक कस्बा आज पर्यावरणीय संकट की गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर संचालित औद्योगिक संयंत्र लगातार वायु में प्रदूषक तत्व छोड़ रहे हैं, जिसके कारण हवा की गुणवत्ता दिनों-दिन खराब होती जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सुबह और शाम धूल-धुएँ की परत साफ दिखाई देती है तथा साँस से जुड़े रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों में खाँसी, अस्थमा और एलर्जी संबंधी समस्याएँ आम हो चली हैं।

वायु प्रदूषण के साथ-साथ नगर में गंदगी और सामाजिक स्वच्छता के प्रति लापरवाही भी गंभीर चिंता का विषय है। कचरा निस्तारण की कमजोर व्यवस्था, जल-निकासी की समस्याएँ तथा सार्वजनिक स्थानों में साफसफाई की कमी ने वातावरण को और दूषित कर दिया है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी विकट हो जाती है जब सड़कों पर कचरा, कीचड़ और बदबू के कारण लोगों का चलना दूभर हो जाता है।

इन प्रयासों के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाए हैं। इसका एक प्रमुख कारण तिल्दा नेवरा की भौगोलिक बसावट भी है—नगर मुख्यतः सड़कों के किनारे लम्बी कतारों में फैला हुआ है, जिसके चलते सफाई व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इसके साथ ही, नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों की संख्या आवश्यकता से कम होने के कारण नियमित सफाई कार्यों पर भी प्रभाव पड़ता है।

### नागर पालिका ने कोशिश की लेकिन परिणाम अब भी अधूरे




नागर पालिका अध्यक्षा श्रीमती चंद्रकला वर्मा ने हाल ही में नगरवासियों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की थी। इस अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गई और स्थानीय व्यापारियों की नगर कार्यालय में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों को दुकान-परिसरों को स्वच्छ रखने, कचरा निर्धारित स्थानों पर डालने और नगर के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया गया।

### सामाजिक शिष्टाचार की कमी भी बड़ी समस्या

सार्वजनिक स्थानों में थूकना, प्लास्टिक कचरा फैलाना और निर्धारित स्थानों के बाहर गंदगी फैलाने जैसी आदतें अब भी आम हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रशासनिक कोशिशों के साथ-साथ नागरिकों में स्वच्छता के प्रति व्यवहारिक बदलाव अनिवार्य है। पर्यावरण संरक्षण तभी सफल हो सकता है जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे और स्वच्छता को दैनिक आदत का हिस्सा बनाए।

### सुधार की तत्काल आवश्यकता

स्थानीय लोग उद्योगों पर सख्त निगरानी, कचरा प्रबंधन प्रणाली के सुदृढ़ीकरण और सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाए जाने की माँग कर रहे हैं। पर्यावरणविदों का मत है कि वायु प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार न केवल स्वास्थ्य के लिए, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। तिल्दा नेवरा की उन्नति तभी संभव है जब प्रशासन और नागरिक मिलकर स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए संकल्पित हों।

### उपमुख्यमंत्री ने ग्राम कोठार में सीसी सड़क एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

# मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना से ग्रामीण अधोसंरचना हो रही सुदृढ़: उपमुख्यमंत्री शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 02 दिसंबर।** उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा के सशक्त नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र चहुंमुखी विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत हो रहे सड़क निर्माण कार्यों से गांवों की कनेक्टिविटी और अधोसंरचना मजबूत हो रही है, वहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा मिल रही है। इसी क्रम में आज उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्राम कोठार पहुंचे, जहां उन्होंने 82.95 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली सीसी सड़क सह नाली निर्माण और 13 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

ग्राम कोठार में 41.65 लाख रूपएएवं 41.30 लाख रूपए की लागत से दो महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में वर्षों पुरानी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही 13 लाख रुपए की लागत से 2 सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ग्रामों में बेहतर सड़क, स्वच्छ नाली व्यवस्था, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ÷ग्राम कोठार सहित पूरे कवर्धा विधानसभा क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है। सड़कें मजबूत होंगी तो कृषि, व्यापार और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की पहली जरूरत होती है। सड़क निर्माण से स्थानीय निवासियों, किसानों एवं विद्यार्थियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि ग्राम कोठार के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने ग्राम कोठार की एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पहल को याद करते हुए कहा कि पहले आवास योजना के लिए ग्राम कोठार से ही आंदोलन शुरू किया गया था। हमारी सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट मीटिंग में इस मांग को स्वीकृति प्रदान की गई। यह कवर्धा के लोगों के संघर्ष और विश्वास की बड़ी जीत है। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों का नाम आवास में नहीं आया है, उनके लिए नया सर्वे कार्य कराया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पात्र सभी लोगों को आवास दिया जाएगा। ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर अंतिम सूची तैयार की जाएगी, किसी भी योग्य परिवार को वंचित नहीं किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। समयबद्ध, टिकाऊ और मजबूत सड़क निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आने वाले लंबे समय तक ग्रामीणों को इसका लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि सरकार के मार्गदर्शन और सभी के सक्रिय प्रयासों से कवर्धा विधानसभा विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ अब गाँवङ्गगाँव तक पहुंच रहा है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मूलभूत आवश्यकताएँ पूरी हो रही हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि सड़क बनने के बाद ग्रामीणों विशेषकर बच्चों, महिलाओं और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़क सुविधा से कृषि कार्यों में तेजी आएगी, विद्यार्थियों के लिए स्कूल, कॉलेज तक पहुंचना आसान होगा और आपात स्थितियों में भी आवागमन सुगम बनेगा।

# स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने का अनूठा प्रयास

### पर्यटन साथी' प्रोजेक्ट प्रशिक्षण का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर,02 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने तथा छत्तीसगढ़ के पर्यटन को नई पहचान देने हेतु जिला प्रशासन रायपुर एवं ईज़ माई ट्रिप द्वारा संचालित नवाचार प्रोजेक्ट पर्यटन साथी का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। एक अक्टूबर 2025 को शासकीय आईटीआई सड्डू, रायपुर में प्रारंभ हुए इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का, 30 नवंबर 2025 को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर आयोजित समापन कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज 62 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं ईज़ ट्रिप प्लानर, नई दिल्ली की ओर से जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए। 123 प्रशिक्षणार्थी युवाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया था।

युवाओं को पर्यटन उद्योग से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण इस कार्यक्रम के तहत दिया गया, जिसमें स्थानीय संस्कृति, खान-पान एवं ऐतिहासिक महत्व, सांस्कृतिक संवेदनशीलता एवं व्यवहार, डिजिटल प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन बुकिंग एवं साइबर सुरक्षा, आपातकालीन प्रोटोकॉल व सुरक्षा नियम, ग्राहक सेवा उत्कृष्टता एवं संचार कौशल, व्यावसायिक नैतिकता एवं आचरण शामिल है। प्रमाण पत्र वितरण के अवसर पर कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि ज्ञान आवश्यक है, लेकिन आपका व्यवहार ही आपका व्यवसाय तय करता है। टूरिस्ट गाइड के रूप में आपका सकारात्मक व्यवहार आपको आगे बढ़ाएगा और नए अवसर प्रदान करेगा। पर्यटन क्षेत्र रिलेशन बिल्डिंग पर आधारित है, इसलिए विशेषज्ञता और विनम्रता दोनों आवश्यक हैं।

प्रशिक्षणार्थियों से भोरमदेव, राजिम और सिरपुर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर प्रश्न पूछकर उनका प्रायोगिक ज्ञान भी परखा। कलेक्टर ने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा, मेहनत कीजिए, अपनी हुनर से दुनिया जीतिए। नए-नए कौशल सीखते रहें और अपने व्यवसाय में नवाचार जोड़ते रहें।÷ ईज़ माई ट्रिप के एकेडमिक हेड श्री सुनील अरोरा ने बताया कि प्रशिक्षुओं को एजेंट लॉगिन आईडी भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे वे स्वयं के पर्यटन व्यवसाय की शुरुआत भी कर सकते हैं। इस दौरान रायपुर के प्रशिक्षणार्थी श्री गोविंद कुमार कोशले ने कहा कि इस प्रशिक्षण ने उन्हें प्रोफेशनल टूरिस्ट गाइड बनने का आत्मविश्वास दिया है। बलौदाबाजार की कु. रंजना कश्यप ने बताया कि प्रशिक्षण में साइबर सुरक्षा, डिजिटल प्लेटफॉर्म और गाइडिंग के व्यावहारिक तरीकों की उत्कृष्ट जानकारी मिली है, जो मेरे लिए फायदेमंद रही। इस प्रशिक्षण के लिए मैं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। उल्लेखनीय है कि 01 अक्टूबर को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में जिला प्रशासन और ईज़ माई ट्रिप के मध्य एमओयू किया गया था, जिसके अनुरूप यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हुआ।

# शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में मनाया गया 77वां एनसीसी दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 02 दिसंबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 77वां एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रिटायर्ड सूबेदार मेजर एवं योद्धा अकादमी के प्रमुख ए. तिरुपति राव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई. वी. रेवती ने की। कार्यक्रम की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानियों एवं क्रांतिकारियों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया तथा मार्च-पास्ट का प्रदर्शन किया गया। पूरे परेड की कमान सीनियर अंडर ऑफिसर अरसला ने संभाली। परेड में कुल चार प्लाटून शामिल थे प्रथम प्लाटून का कमान : जूनियर अंडर ऑफिसर करण साहू, द्वितीय प्लाटून का कमान : जूनियर अंडर ऑफिसर पायल, तृतीय प्लाटून का कमान : कैडेट योगिता, चतुर्थ प्लाटून का कमान : कैडेट हितेश एवं पायलटिंग का दायित्व दीपिका सेन एवं लाली सेन ने निभाया। वहीं पुरस्कार वितरण में सीनियर अंडर ऑफिसर नरेश साहू ने अपनी विशेष भूमिका निभाई।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डाली यादव, कामिनी, कुष्मिता, प्रियंका सहित कई कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में दिनेश वर्मा, दीप्ति रामटेक एवं राधिका महोबिया ने प्रभावी वक्तव्य प्रस्तुत कर सराहना प्राप्त की। विशेष अतिथि ए. तिरुपति राव ने अपने उद्बोधन में कहा कि सी सर्टिफिकेट के लिए कैडेट्स को तीन वर्ष तक नियमित रूप से एनसीसी का प्रशिक्षण पूर्ण करना आवश्यक है। एक वर्ष बाद एनसीसी छोड़ देने वाले कैडेट्स को भविष्य में किसी प्रकार का लाभ नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि सी सर्टिफिकेट प्रतियोगी परीक्षाओं एवं साक्षात्कारों में महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी केयर टेकर गुलशन सिन्हा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप जांबुलकर, डॉ. आशा चौधरी, डॉ. आर. आर. कोचे, एच. आर. पदमे, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, अतिथि व्याख्याता डॉ. नीता राजपूत, डॉ. येशुकृति हजारे, डॉ. सपना परिहार, नीलम सिन्हा, झरना साहू, अनिमा मिंज, मंजू धनकर, श्रीमती मीनाक्षी साहू सहित एनसीसी कैडेट एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया बाल संप्रेषण गृहों का व्यापक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर,02 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में बच्चों की सुरक्षा, देखभाल और अधिकार संरक्षण को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज कोरबा जिले के बाल संप्रेषण गृह (बालक), बाल गृह (बालिका) एवं बाल गृह (बालक) का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा भी उपस्थित थीं। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े और आयोग अध्यक्ष ने बच्चों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं, उपलब्ध सुविधाओं और देखभाल की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने संस्थाओं में स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी आवश्यक रिकॉर्ड, पंजी और शासन के निर्देशों को अद्यतन रखने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि बच्चों से संबंधित सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुरूप संचालित हों। बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े और अध्यक्षश्रीमती शर्मा ने सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, उनकी नियमित मॉनिटरिंग और प्रशिक्षित सुरक्षा गार्डों की उचित तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संस्थाओं के प्रवेश-द्वारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी को और मजबूत करने पर भी बल दिया गया।


## छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
## नारायणपुर वनमण्डल नारायणपुर

### काष्ठागार नारायणपुर का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, नारायणपुर वनगण्डन के अंतर्गत नारायणपुर काष्ठागार में संग्रहित नया एवं पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमण्डल/वन काष्ठागार नारायणपुर से प्राप्त की जा सकती हैं।
नीलाम दिनांक-04.12.2025 नीलाम समय प्रातः 12.00 बजे से

| पुराना वनोपज (काष्ठ) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रजाति | ईमारती काष्ठ नग | ईमारती काष्ठ घ.मी. | बल्ली (नग में) | डेंगरी (नग में) |
| साल | 3711 | 453.994 | 189 | 151 |
| सागौन | 402 | 57.122 | 34 | 29 |
| साजा | 161 | 16.267 | 58 | 10 |
| बीजा | 339 | 44.303 | 24 | 10 |
| धावड़ा | 76 | 6.673 | 17 | 9 |
| तेन्दू | 57 | 6.129 | 5 | 2 |
| हल्दू | 12 | 1.321 | 4 | 2 |
| जामुन | 4 | 0.482 | 0 | 0 |
| कर्रा | 0 | 0 | 3 | 0 |
| खम्हार | 3 | 0.482 | 0 | 0 |
| कस्सी | 2 | 0.407 | 0 | 0 |
| तिन्सा | 20 | 2.46 | 6 | 2 |
| अन्य | 659 | 57.791 | 4 | 9 |
| **योग्य** | **5446** | **547.431** | **344** | **244** |

| निरस्त कर पुनः नीलाम में रखे वनोपज (काष्ठ) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रजाति | ईमारती काष्ठ नग | ईमारती काष्ठ घ.मी | बल्ली (नग में) | डेंगरी (नग में) |
| शीशम | 32 | 2.524 | 17 | 7 |
| **योगः-** | **32** | **2.524** | **17** | **7** |

दूरभाष क्रमांक-नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर (07781-252228)

01. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
02. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है।
04. ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेंकड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेंकड का समय प्राप्त होगा।
05. ईमारती काष्ठ पुराना 121 लॉट एवं निरस्त काष्ठ-2 लाट है।

वनमण्डलाधिकारी,
नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर

जी-252605133/6


### 'कोडकॉन' के तृतीय वार्षिक सम्मेलन में राज्यपाल ने कहा

# खान-पान और जीवनशैली में प्रकृति के विरुद्ध जाने से बचें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायपुर, 02 दिसंबर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका कल रायुपर के एक निजी होटल में आयोजित छत्तीसगढ़ ओबिसिटीज़, डायबिटिज एंड इंडोक्राइन (मोटापा, मधुमेह, अंतःस्रावी) सोसाइटी (कोड) के तृतीय वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज डायबिटीज़, मोटापा और हार्मोन संबंधी बीमारियां न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में भी एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनकर उभर रही है। भारत को दुनिया का डायबिटीज कैपिटल कहा जाने लगा है, छत्तीसगढ़ की स्थिति भी चिंता बढ़ाती है। राज्य में 15 से 19 आयु समूह में लगभग 9 से 10 प्रतिशत वयस्कों में ब्लड शुगर का स्तर सामान्य से अधिक पाया गया है और शहरी क्षेत्रों में यह प्रतिशत और तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डायबिटीज, मोटापा और मानसिक बीमारी ये सब हमारी सिविलाइजेशन से पैदा हुई समस्या है। दरअसल, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण- विशेषकर माइक्रो प्लास्टिक का उपयोग हमारी सेहत पर विपरीत असर डालने वाली एक बड़ी चुनौती है। श्री डेका ने कहा कि आज हम जीवन शैली और व्यवहार में पश्चिमी शैली का अनुसरण कर रहे हैं। राज्यपाल ने 600 ईसा पूर्व रचित प्राचीन ग्रंथ चरक संहिता का उल्लेख करके हुए कहा कि उस समय भी भोजन की गुणवत्ता और प्रकृति को चयापचय संबंधी रोगों का मूल माना गया था। राज्यपाल ने कहा कि हमारे ऋषि पहले ही चेतावनी दे चुके थे कि अनुचित आहार ही शरीर के संतुलन को बिगाड़कर रोगों की जड़ बनता है। आज विज्ञान भी यही सिद्ध कर रहा है। आज जो मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है, वह जंक फूड के कारण है।

राज्यपाल ने चिकित्सकों की सामाजिक और नैतिक भूमिका पर विशेष बल देते हुए कहा कि चिकित्सक अपने सफेद एप्रॉन को दाग से मुक्त रखें। राज्यपाल ने चिकित्सकों को समाज का मार्गदर्शक बताया। राज्यपाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने में निजी चिकित्सक और चिकित्सा संस्थान जो योगदान दे रहे हैं, वह सराहनीय है। उन्होंने चिकित्सकों से आह्वान किया कि छत्तीसगढ़ में सिकलसेल के प्रति जनजागरूकता लाने और टीबी के उन्मूलन में योगदान दें। कार्यक्रम में प्रो. एसएन मिश्रा को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया, साथ ही क्विज प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप पात्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोजन समिति की प्रमुख डॉ. कल्पना दास, डॉ. संजीत जायसवाल एवं अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। कोडकॉन सम्मेलन में देशभर के एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, चिकित्सक और स्वास्थ्य विशेषज्ञ शामिल हुए, जिन्होंने आधुनिक चिकित्सा, जीवन शैली जनित रोगों और तकनीकी प्रगति पर विचार साझा किए।

### आम जनता के साथ पुलिस संवेदनशीलता के साथ बर्ताव करें

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि पुलिस को आमजनता से मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता के साथ बर्ताव करना चाहिए। पुलिस की छवि, थाने में शिकायत लेकर आने वाले नागरिकों से किए गए व्यवहार से बनती है। पुलिस अधिकारियों को थाने में आए पीड़ित व्यक्तियों की सहायता के लिए तत्पर होना चाहिए। राज्यपाल श्री डेका ने आज राजभवन में भेंट करने आए भारतीय पुलिस सेवा के परीवीक्षाधीन अधिकारियों से उक्त बातें कही। भेंट के दौरान राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंद्रखुरी रायपुर के निदेशक श्री अजय कुमार यादव, अकादमी के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज शुक्ला भी उपस्थित थे।

## एक नजर

### सांसद पांडेय ने दी भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को जन्मदिन की बधाई

**रायपुर, 2 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मंगलवार को उनके निवास पर मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। श्री पाण्डेय ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के अध्यक्ष श्री नड्डा लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते रहे हैं और 2019 से भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा देश को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं। श्री पाण्डेय ने उनके जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी।

### विकास उपाध्याय ने की जमीन व्यवसाय करने वालों पर लाठीचार्ज की निंदा

**रायपुर, 2 दिसंबर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि दुर्ग में आंदोलन रत जमीन का व्यवसाय करने वालों के ऊपर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक जो लाठी चार्ज किया है उसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। उपाध्याय ने कहा कि अपने हक और अधिकार को लेकर अपनी जायज मांगों के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन को सरकार पुलिस लाठी के दम पर कुचलने का प्रयास कर रही हैं लेकिन मैं सरकार को बताना चाहता हूं कि यह आंदोलन लाठी के वार से रुकने वाली नहीं है और आने वाले दिनों में यह धीरे-धीरे और उग्र रूप लेता जाएगा क्योंकि इस आंदोलन का नेतृत्व छत्तीसगढ़ की जनता स्वयं कर रही है।

### ब्राह्मण विरोधी टिप्पणी करने वाले आईएएस को कड़ी सजा की मांग

**रायपुर, 2 दिसंबर।** सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा,राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, उपप्रान्तअध्यक्ष लेखमणि पांडे, सांस्कृतिक मंच अध्यक्ष जेपी शर्मा, प्रदेश सचिव नीरज शर्मा, प्रमुख सलाहकार राजेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा, महासचिव मनीष मिश्रा, धनंजय शर्मा, युवा मंच शहर अध्यक्ष सुमित शर्मा, महादेव घाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा, सुधा शर्मा, सरिता शर्मा, शिखा शर्मा, वैजयंती चतुर्वेदी, आशा रिछारिया, कविता शर्मा, ने मध्य प्रदेश के प्रमोटिव आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज के बहन बेटियों पर की गई गन्दी टिप्पणी देश के समूचे बहू बेटियों का अपमान है द्य महिलाओं के साथ मारपीट, गाली गलौज, फर्जी, दस्तावेज मामले में पहले भी जेल जा चुके इस बदमाश की पुरानी आदत हैद्य राष्ट्रीय अध्यक्ष मिश्रा ने देश के गृह मंत्री अमित शाह को पत्र प्रेषित कर गिरफ्तार किए गए इस दुष्ट को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से 3 माह के अंदर कठोर से कठोर दंड दिए जाने हेतु आग्रह किया है।

### दक्षिण छत्तीसगढ़ में दो दिन तक बारिश के आसार, दो दिन बाद बढ़ेगी ठंडी

**रायपुर, 2 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में चक्रवात दितवाह का असर भले ही काफी हद तक कम हो गया हो, लेकिन इसका प्रभाव अभी भी मौसम में दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान का रूप बदलकर अब यह अवदाब बन गया है, जिससे राज्य के कई हिस्सों में बादल छाने और हल्की बारिश की परिस्थितियाँ बन रही हैं। दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों तक वर्षा की संभावना जताई गई है। विभाग ने बताया कि अवदाब फिलहाल पश्चिम-मध्य और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर सक्रिय है और चेन्नई तट से करीब 30 किलोमीटर दूर केंद्रित है। सिस्टम कमजोर जरूर हुआ है, लेकिन इससे नमी बढ़ी है, जिसके चलते प्रदेश में छिटपुट बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटों में बस्तर संभाग के कुछ स्थानों पर बेहद हल्की वर्षा दर्ज की गई। वहीं राज्य में सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### रेलवे स्लीपर कोच यात्रियों को नये वर्ष में बैड रोल की सौगात देगा

**रायपुर, 2 दिसंबर।** भारतीय रेल देश भर में चलने वाली एक्सप्रेस सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रियों की आराम दायक यात्रा के लिए सुविधा उपलब्ध कराता रहा है। इसी कड़ी में अब रेलवे द्वारा स्लीपर कोच के यात्रियों की यात्रा आराम दायक बनाने के उद्देश्य से 1 जनवरी 2026 से बेड रोल की सुविधा स्लीपर कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों को उपलब्ध करायी जाएगी। बेडरोल में यात्रियों को कंबल, तकिया और चादर उपलब्ध कराया जाएगा। रेलवे की सौगात से जहां एसी एवं अन्य कोच में आरामदायक यात्रा करने वाले यात्रियों की साथ ही स्लीपर कोच की यात्रा भी लंबी दूरी बेड रोड प्राप्त कर सकेंगे। बेडरोल प्रति यात्री प्रति बर्थ 50 रुपये में उपलब्ध करायी जाएगी। यह 50 रुपये की राशि रिजर्वेशन टिकट के समय पर ही काउंटर से जोड़कर ली जाएगी। अभी प्रयोग के तौर पर चेन्नई डिविजन ने अपने क्षेत्र से गुजरने वाली सुपरफास्ट ट्रेनों में यह सुविधा उपलब्ध एक जनवरी से कराएगी। इसके साथ ही यह सुविधा यात्रियों को रेलवे के संपूर्ण जोनों में जनवरी माह से ही प्राप्त होगी।

## भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे मैच

# दोनों टीमों ने किया जमकर अभ्यास

- 3 दिसंबर को वीरनारायण सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा मैच
- विराट कोहली, रोहित शर्मा को देखने के लिए प्रशंसक उमड़े




**रायपुर, 2 दिसंबर।** अंतरराष्ट्रीय वीर शहीद नारायण स्टेडियम में भारत और दक्षिण आफ्रिका के बीच वनडे मैच खेलने के लिए दोनों टीम राजधानी पहुंच चुकी है। इस मैच के लिए पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के सभी प्रबंध किये गये है।

मिली जानकारी के अनुसार भारत और दक्षिण आफ्रिका के बीच दूसरा वनडे मैच 3 दिसंबर को रायपुर में खेला जाएगा। दोनों टीमों को नया रायपुर स्थित एक होटल में ठहराया गया है। आज दोनों टीम में वीरनारायण स्टेडियम में जमकर पसीना बहाया। इस स्टेडियम में सात पिच है इनमें से एक पिच में मैच खेला जाएगा। यहां पर दोनों टीमों का भव्य स्वागत करने के लिए फेंस बड़ी संख्या में पहुंचे थे लेकिन पुलिस ने एयरपोर्ट के अंदर बैठाकर उन्हें रवाना कर दिया। जिसके चलते फेंस नाराज हो गये।

### स्थानीय टीमों ने किया स्वागत

दक्षिण आफ्रिका और भारत का राजनधानी पहुंचने पर सुआ, पंथी नृत्य से स्वागत किया गया। प्रत्येक कमरे को क्रिकेट थीम पर सजाया गया है यहां पर जब क्लीयर हो जाएगा तो विनिंग टीम के लिए छह किलो का केक तैयार किया गया है।



### पुलिस की भारी व्यवस्था

राजधानी में वनडे मैच को देखते हुए पुलिस की भारी व्यवस्था की गई है। सुरक्षा में लगी फोर्स लौटेगी क्रिकेट मैच के बाद। राजधानी में इस समय टिकट को लेकर मारा-मारी मची हुई है। मीडिया से लेकर राजनेता तक टिकट के लिए उठापटक कर रहे हैं।

### स्कोरिंग की जिम्मेदारी सचिन टांक और मनोज तिवारी को



नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 3 दिसंबर को भारत व दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा डे नाइट वन डे मैच दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। इस मैच में स्कोरिंग की जिम्मेदारी बीसीसीआई ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिन टांक और मनोज तिवारी को दी है। इन्होंने इससे पहले वर्ष 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफयहां हुए मैच में वाइड और नो बॉल की गिनती के साथ ही बल्ले से निकलने वाले रनों पर भी काम किया था। स्कोरिंग पर सचिन ने बताया कि मैच की शुरुआत से लेकर अंत तक गेम पर नजरे जमाते हुए ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रकार की एनालिसिस करके रिपोर्ट तत्काल बीसीसीआई को भेजनी पड़ती है। इसलिए यह काम आसान नहीं होता। इसमें धैर्यता के साथ ही एकाग्रता की भी जरूरत पड़ती है। इन्होंने बताया कि क्रिकेट में रन रेट और स्ट्राइक रेट निकालना पेचीदा होता है। इसमें रन रेट एक टीम के प्रति ओवर बनाए गए औसत रनों को मापता है, जबकि स्ट्राइक रेट किसी बल्लेबाज के प्रति 100 गेंदों पर बनाए गए औसत रनों को दर्शाता है। रन रेट पूरी टीम की गति का सूचक है, जबकि स्ट्राइक रेट एक बल्लेबाज की गति का और एक उच्च स्ट्राइक रेट का मतलब है कि बल्लेबाज तेजी से रन बना रहा है। तिवारी ने बताया कि एनालिसिस के लिए खिलाड़ियों के पुराने रिकॉर्डों का भी ब्योरा उन्हें रखना पड़ता है।

### पुलिस की विशेष ड्यूटी लगाई गई

आईजी संतोष मिश्रा ने पूरे मैच के दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये है। मेन गेट में विशेष टीम तैयार रहेगी। प्रत्येक दर्शक को रेलिंग से होकर पहुंचना होगा। वाहनों के लिए सेंध जलाशय के पास स्टेंड बनाया गया है वहां से दो किमी पैदल चलकर आना पड़ेगा। वाहनों के लिए अलग अलग व्यवस्था की गई है। दुपहिया एवं चौपहिया वाहन अलग अलग स्थानों पर खड़े होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पदाधिकारी राजीव शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारियों के भी आज पहुंचने की संभावना है। यहां पर बिजली के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। राजधानी में टिकट और पास के लिए मारामारी चल रही है। सभी मंत्रियों के यहां टिकट लेने के लिए भारी भीड़ लगी हुई है।

# दामाद ने सास को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार



**रायपुर, 2 दिसम्बर।** राजधानी रायपुर में घरेलू विवाद ने एक खूनी रूप ले लिया, जहाँ एक दामाद ने अपनी सास की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना माना थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 05.11.2025 को थाना माना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बरौदा फोकटपारा माना कैम्प निवासी राजबाई बांधे पति उदय राम बांधे उम्र 65 वर्ष का उपचार के दौरान डी के एस अस्पताल रायपुर में मृत्यु हो गई है। जिस पर थाना माना में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच के दौरान मृतिका के परिजनों से पूछताछ में पाया गया कि दिनांक 04.11.25 को शाम लगभग 05.30 बजे मृतिका का दामाद विरेन्द्र कुर्रे के द्वारा किसी बात को लेकर अश्लील गाली गलौच कर आज इस घर से किसी न किसी का लाश उठेगी बोलकर अपनी पुत्री को अपने घर ले जाने के लियें बच्ची का बाल पकडकर खींचकर ले जा रहा था, उसी दौरान मृतिका राज बाई बांधे ने मना किया तो आरोपी जान से मारने की नियत से हाथ मुक्का से जोर से तीन-चार बार राज बाई बांधे के दाहिने आंख के पास चेहरे पर मार दिया जिससे वह वहीं गिर गई।

जिसे उपचार हेतु डी के एस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसका उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। इस प्रकार आरोपी विरेन्द्र कुर्रे द्वारा अपनी सास राज बाई बांधे को हाथ मुक्का से मारकर गंभीर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दिया गया, आरोपी के विरूद्ध थाना माना में अपराध क्रमांक 326/25 धारा 103 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा माना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी की पतासाजी करते हुये उसके छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही कर आरोपी विरेन्द्र कुर्रे को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा घरेलू विवाद को लेकर अपनी सास की हत्या की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। गिरफ्तार आरोपी ङ्क विरेंद्र कुर्रे पिता रम्मू कुर्रे उम्र 30 साल निवासी देवपुरी सतनाम चौक के पास थाना माना रायपुर है।

कार्यवाही में निरीक्षक मनीष तिवारी थाना प्रभारी माना, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय, प्र.आर. वीरेन्द्र भार्गव, जसवंत सोनी, आर. लक्ष्मीनारायण साहू तथा थाना माना से सउनि. विजय नेताम, आर. रामकृष्ण सिन्हा एवं पवन त्रिपाठी की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# आठ दिन बाद बिलासपुर में मिली मासूम अंशिका



**रायपुर, 2 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर रेलवे स्टेशन के सामने से लापता हुई 2 साल की मासूम अंशिका आठ दिन बाद अपने माता पिता के पास सुरक्षित पहुँच गई है। आपको बता दें 21 नवंबर के दिन बच्ची को एक संदिग्ध महिला गोद में लेकर जाती हुई सीसीटीवी में जरूर दिखी, लेकिन उसका चेहरा साफ नहीं दिखने से पुलिस की तलाश मुश्किल होती जा रही थी। लेकिन आज बच्ची को उनके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया है।



जानें क्या है पूरा मामला

घटना 21 नवंबर की है। डोंगरगढ़ के रहने वाले प्रशांत भट्ट अपनी दो साल की बेटी अंशिका को लेकर रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। परिजनों के मुताबिक, प्रशांत अपनी पत्नी से झगड़कर घर से निकला था और उस समय वह नशे की हालत में था। रेलवे स्टेशन के बाहर वह इधर-उधर भटक रहा था। इसी दौरान बच्ची अचानक गायब हो गई। सीसीटीवी फुटेज में एक महिला बच्ची को उठा कर ले जाती दिखती है, लेकिन निर्माण कार्य के चलते कई कैमरे बंद थे या हटाए गए थे, जिससे पुलिस को महत्वपूर्ण फुटेज नहीं मिल पायी थी।

वही उसके बाद जानकारी प्राप्त हुई की 23 नवंबर को महिला बच्ची को बिलासपुर रेलवे स्टेशन में छोड़कर चली गई थी। जिसे आरपीएफ पुलिस ने चाइल्ड हेल्पलाइन को सुपुर्द कर दिया था। जिसे पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि बच्ची के माता-पिता का पता चल गया है या वही बच्ची है जो रायपुर स्टेशन से 21 नवंबर को गायब हुई थी जिस पर आज उसके माता-पिता को यह बच्चे सुपुर्द कर दिया गया है।

# सोनिया, राहुल गांधी के खिलाफ ईओडब्ल्यू की रिपोर्ट मोदी के डर को दिखाता है: कांग्रेस

## ईडी सत्ता की गुलाम बन चुकी है इसे भंग कर दिया जाना चाहिए : दीपक बैज

**रायपुर, 2 दिसम्बर।** नेशनल हेराल्ड केस में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली ईओडब्लू के द्वारा एफआईआर किये जाने को कांग्रेस ने भाजपा का खीझ बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ईओडब्लू ने ईडी और भाजपा के षड्यंत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज किया है। ईडी सत्ता की गुलाम बन चुकी है इसे भंग कर दिया जाना चाहिये। सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ रिपोर्ट मोदी के डर को दिखाता है। जिस मुखरता से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मोदी सरकार को लगातार कटघरे में खड़ा कर रहे है जनता की आवाज उठा रहे है उससे घबरा कर मोदी सरकार ने ईडी के माध्यम से यह षड़यंत्र रचा है। भाजपा की केंद्र सरकार दबाव की राजनीति कर रही है। वह सोच रही है कि ईडी, सीबीआई, आईटी और सुरक्षाबलों को आगे कर कांग्रेस के द्वारा जनता के हित में उठाये जाने वाली आवाज को दबा देंगे। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस का नेतृत्व भाजपा की इन दमनकारी नीति से डरने वाला नहीं है। कांग्रेस देश की जनता के हित में देश के लोकतंत्र को बचाने के लिये संघर्ष करती रहेगी, न झुकेगी और न ही रूकेगी। बैज ने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरकार द्वारा किये जाने वाले षड़यंत्र अब खुलकर दिखने लगे है। जनता देख रही है कि विपक्ष की मजबूत आवाज को दबाने के लिये संवैधानिक रूप से बनी संस्थाओं का मोदी सरकार असंवैधानिक उपयोग कर रही है।

# मीडिया से अच्छे संबंध पर मिलेंगे नंबर, सरकार ने सचिव, कलेक्टर के लिए जारी किया आदेश

- परफॉर्मेंस मार्किंग का सिस्टम, सोशल मीडिया पर भी रहना होगा सक्रिय

**रायपुर, 2 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने सचिव और कलेक्टरों के लिए नया आदेश जारी किया है, जिसने प्रशासनिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है. मीडिया मैनेजमेंट, सोशल मीडिया एक्टिविटी और खबरों में बने रहने को अब परफॉर्मेंस से जोड़ा जाएगा। आदेश के बाद अफसरों पर तय टारगेट पूरा करने का दबाव भी बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने सचिवों और जिला कलेक्टरों के लिए एक नया निर्देश जारी किया है, जिसमें मीडिया से बेहतर संबंध बनाए रखने और लगातार खबरों में बने रहने को परफॉर्मेंस मार्किंग से जोड़ा गया है। जनसंपर्क विभाग ने इसके लिए 47 विभागों की सूची भी जारी की है। सरकार का कहना है कि जो विभाग अच्छा काम करेगा, उसी की खबरें प्रमुखता से दिखाई देंगी।

**सोशल मीडिया एक्टिविटी पर भी होगी नजर:** आदेश के मुताबिक फेसबुक और एक्स (ट्विटर) पर नियमित पोस्ट करना भी अब अफसरों की परफॉर्मेंस का हिस्सा होगा। कौन कितना सक्रिय है, यह पोस्ट की संख्या से तय होगा। यानी अफसरों को अब ज़मीनी काम के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी अपडेट रहना होगा।

**सोनमणी बोरा को मिला साप्ताहिक लक्ष्य:** टारगेट सूची में प्रमुख सचिव, ट्राइबल विभाग सोनमणी बोरा का नाम सबसे ऊपर है। उन्हें हर हफ्ते तीन प्रेस रिलीज, दो सक्सेस स्टोरी, सात फेसबुक पोस्ट और सात एक्स पोस्ट करने का लक्ष्य दिया गया है। यह पहली बार है जब प्रशासनिक अधिकारियों के लिए इस तरह की डिजिटल एक्टिविटी को अनिवार्य किया गया है।

**कलेक्टरों पर सबसे ज्यादा दबाव:** रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग के कलेक्टरों को बेहद बड़ा मासिक लक्ष्य दिया गया है. इनमें शामिल है- 150 प्रेस रिलीज, 15 सक्सेस स्टोरी, 4 राष्ट्रीय स्तर की खबरें, 4 राज्य स्तरीय खबरें, 30 फेसबुक पोस्ट, 15 एक्स पोस्ट, 1 प्रेस कॉन्फ्रेंस इतने बड़े टारगेट के चलते कलेक्टरों की टीमों पर अब अतिरिक्त जिम्मेदारी बढ़ जाएगी।

# रायपुर में मप्र के युवक की हत्या

## रीढ़ में धारदार चाकू से हमला, दोस्तों के साथ 2 नाबालिगों ने की वारदात

**रायपुर, 2 दिसम्बर।** राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र में मध्यप्रदेश के एक युवक की हत्या हो गई है। ये वारदात दो नाबालिगों ने अपने दोस्त के साथ मिलकर की है। बताया जा रहा की है पूरा विवाद नशे में गाली गलौज के बाद शुरू हुआ। इस मामले में पुलिस ने 2 नाबालिग समेत तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस आरोपियों को आज कोर्ट में पेश भी करेगी।

उरला थाना प्रभारी रोहित मानेकर ने बताया कि मृतक की पहचान फुल्लम सिंह गोंड (24 वर्ष) के रूप में हुई है, वह एमपी के डिंडोरी का रहने वाला था। 1 दिसंबर को युवक की लाश गुमा गांव स्थित सिंघानिया पेट्रोल पंप के पास सड़क पर लहूलुहान हालत में मिली।

आसपास मौजूद लोगों ने रात करीब साढ़े 11 बजे शव देखा तो 112 की टीम को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक को एम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसके मौत की पुष्टि कर दी।

### ऑनलाइन मंगवाया था हत्या में इस्तेमाल हुआ चाकू



इस मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया है। पूछताछ में यह सामने आया है कि हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू आरोपियों ने ऑनलाइन मंगवाया था। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय की मदद से तीनों को कुछ ही घंटों में हिरासत में ले लिया। इनमें एक बालिग और दो नाबालिग शामिल हैं।

### प्राइम इस्पात कंपनी में करता था काम, पुलिस ने दर्ज किया मामला

मृतक फुल्लम सिंह गोंड रायपुर में प्राइम इस्पात कंपनी में काम करता था और किराये पर रह रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे। उरला थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। आरोपी भी उरला इलाके की कंपनी में रोजी मजदूरी का काम करते हैं।

### गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद पहुंचा हत्या तक

जांच में सामने आया है कि घटना से पहले मृतक नशे की हालत में था और रास्ते से गुजरते समय कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया था। बातों-बातों में गाली-गलौच और झगड़ा बढ़ा, जिसके बाद एक बालिग और दो नाबालिग आरोपियों ने मिलकर धारदार हथियार से फुल्लम सिंह की पीठ में रीढ़ की हड्डी के पास वार कर दिया। हमले के बाद वह मौके पर ही गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई।

## कार्यक्रम | स्वदेशी मेला 2025-26 का भूमिपूजन सम्पन्न

# 18 से 25 दिसंबर तक साइंस कॉलेज ग्राउंड में लगेगा भव्य मेला

**रायपुर, 2 दिसम्बर।** भारतीय विपणन विकास केन्द्र द्वारा आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित स्वदेशी मेला 2025-26 इस वर्ष 18 से 25 दिसंबर तक साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होगा। मेले के आयोजन से पूर्व 1 दिसंबर की सुबह 9:30 बजे भूमि पूजन कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन में गणमान्यजनों की उपस्थिति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत सिंह साहब तथा महापौर श्रीमती मीनल चौबे उपस्थित रहीं।

मेला संयोजक केदारनाथ गुप्ता अपनी धर्मपत्नी के साथ भूमि पूजन में उपस्थित हुए। इसके अलावा सहसंयोजक जसप्रीत सिंह सलूजा, स्वागत समिति अध्यक्ष आनंद सिंघानिया, स्वागत समिति सचिव अमरजीत सिंह छाबड़ा, प्रांत संयोजक स्वदेशी जागरण मंच जगदीश पटेल, प्रांत मेला प्रमुख अमर बंसल, प्रबंधक भारतीय विपणन विकास केंद्र सुब्रत चाकी, महिला मेला प्रमुख आरती दुबे, सह महिला प्रमुख सीमा शर्मा, एवं सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्यजन सम्मिलित हुए।

**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित अन्य सदस्य एवं समाजसेवी :** उमेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, युगबोध अग्रवाल, प्रवीण मैशेरी, डॉ. सलीम राज, शताब्दी पांडे, डॉ. इला गुप्ता, शीला शर्मा, इंदिरा जैन, विवेक बर्धन, सुधीर फौजदार, विनय शर्मा, बिहारी होतवानी, अश्विन प्रभाकर, दिग्विजय भाकरे, सुचित्रा बर्धन, निधि झा, शकुंतला श्रीवास, अर्चना भाकरे, उमा शुक्ला, रैहाना खान, सुनीता चंसोरिया, सुनीता पाठक, निशा संमदुलकर, अर्चना वोरा, सीमा कटंककार, खुशबू शर्मा, लक्ष्मी जीलहरे, सविता मौर्या, अंजलि देशपांडे, राजमोहन बाग, राहुल देव पंत देवेंद्र गुप्ता सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।




**350 से अधिक स्टॉल, अनेक प्रतियोगिताएँ :** प्रबंधक सुब्रत चाकी ने बताया कि स्वदेशी मेला हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य स्वरूप में आयोजित होगा। मेले में 350 से अधिक स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे सुई से लेकर बड़े मशीनरी स्तर तक की वस्तुएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगी। प्रतिदिन मेहंदी, रंगोली, चित्रकला, समूह नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताएँ होंगी। हजारों प्रतिभागियों को मंच प्रदान किया जाएगा।

**विभिन्न राज्यों की संस्कृति और खान-पान होगा आकर्षण :** मेले में छत्तीसगढ़ के साथ गुजरात, राजस्थान, पंजाब, ओडिशा, आंध्रप्रदेश तथा अन्य राज्यों की संस्कृति, लोक नृत्य और पारंपरिक भोजन के विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रतिदिन मंच पर लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ मेले की विशेष आकर्षण होंगी।

**संगोष्ठियाँ भी होंगी आयोजित:** मेले के दौरान समसामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की संगोष्ठियाँ भी आयोजित की जाएंगी, जिनमें विषय विशेषज्ञ अपनी बातें रखेंगे।

# कांग्रेस में असभ्य भाषा का प्रयोग करने की मची है होड़ : पाण्डेय



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व सांसद ने बिलासपुर के घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला

**रायपुर, 2 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने बिलासपुर में कांग्रेस नेताओं द्वारा जूते-चप्पल दिखाकर असभ्य भाषा के प्रयोग को कांग्रेस की पतित होती जा रही राजनीतिक संस्कृति का परिचायक बताया है। पांडेय ने कहा कि लगातार हार से बौखलाई कांग्रेस के लोग अब सार्वजनिक रूप से अपने संस्कारों, आचरण और विचारों के पतन की पराकाष्ठा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस को अपने इस अलोकतांत्रिक व अमर्यादित आचरण के लिए प्रदेश की जनता से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि कांग्रेसियों ने संवैधानिक गरिमा को तार-तार कर जन भावनाओं को अपमानित किया है।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेसियों ने अपने उन्हीं राजनीतिक संस्कारों का प्रदर्शन बिलासपुर में किया जो उन्हें केंद्रीय से लेकर प्रदेश नेतृत्व से विरासत में मिले हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को मौत का सौदागर कहकर जिस असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया, उन्हीं शब्दों का प्रयोग आगे चलकर मोदी की मौत, मोदी की बोटी बोटी काटने तक जा पहुंची और अब राहुल गांधी लगातार प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अशिष्टता की सारी हदें लांघ रहे हैं और इसकी पराकाष्ठा तब हुई जब बिहार में मोदी की माताजी को दी गई अपशब्दों का प्रयोग पूरे देश ने देखी और सुनी। पांडेय ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व की चापलूसी करके आलाकमान की नजर में अव्वल बने रहने के लिए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसी असंसदीय परंपरा को आगे बढ़ाया और उनकी देखा-देखी प्रदेश के कांग्रेस नेता और पदाधिकारी भी न केवल भाषा का संयम खो रहे हैं अपितु अशिष्ट आचरण की हदें पार कर रहे हैं। सांसद पांडेय ने कहा कि कांग्रेस का यह आचरण प्रदेश के जनादेश का अक्षम्य अपमान है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26